


भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 31 जुलाई - 6 अगस्त, 2024

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

श्रावण, पक्ष - कृष्ण, तिथि - एकादशी, संवत 2081 पृष्ठ : 8+2 बुधवार वर्ष-10, अंक-22, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## क्या वास्तव में अर्थ व्यवस्था के लिए देश हित में होगा पैदल चलना और साइकिल चलाना!

**आजकल** देखने और सुनने में साइकिल के चर्चे कुछ ज्यादा ही होने लगे हैं। साइकिल चलाओ प्रदूषण नहीं होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। सड़कों पर बड़े वाहनों की ज्यादा भीड़ नहीं होगी। और साइकिल ठीक करने वाले फुटपाथ पर बैठे मजदूर लोगों की आय भी होगी। उनको रोजगार मिलेगा। उनके बच्चों का लालन-पालन भी होगा। सुनने में बड़ा अच्छा लगता है। मगर साइकिल चलाने के जो नुकसान हैं वे शायद ही किसी को दिखाई देते होंगे। सबसे पहले फुटपाथ पर बैठे पंचर ठीक करने वालों को ही लीजिए। उनके बच्चों का कितना बड़ा नुकसान हो रहा है साइकिल से। उन्हें स्कूल भेजने के बजाए सड़क किनारे बैठा दिया जाता है साइकिल की पंचर जोड़ने के लिए। उसका जीवन साइकिल पंचर जोड़ने में ही निकल जाता है। शिक्षा-दीक्षा कुछ नहीं। शाम को टिपटॉप बनकर चौराहों पर खड़े हो जाना। और..... दूसरा साइकिल की सवारी से किसी भी देश की अर्थ व्यवस्था को बड़ा नुकसान होता है। उसकी जीडीपी के लिए साइकिल बेहद खतरनाक या यूं कहें हानिकारक है। हो सकता है हमारा यह लिखना आपको हास्यास्पद लग रहा होगा, मगर आप सोचना, यह बिल्कुल सत्य है। एक साइकिल चलाने वाले व्यक्ति से देश को कोई लाभ नहीं होता, अपितु वह एक आपदा के समान है। साइकिल चलाने वाला व्यक्ति गाड़ी नहीं खरीदता, गाड़ी नहीं खरीदेगा तो वह बैंक से लोन भी नहीं लेगा। गाड़ी नहीं होगी तो वह बीमा भी नहीं कराएगा। वह पैट्रोल पम्प पर भी नहीं जाएगा, क्योंकि उसे पैट्रोल-डीजल खरीदना ही नहीं है। अगर गाड़ी नहीं है तो वह सर्विस भी नहीं कराएगा। वह पैसे देकर गाड़ी पार्किंग में भी खड़ी नहीं करेगा। वह धड़ल्ले से लालबत्ती में भी सड़क पार कर लेता है। कोई चालान नहीं कटता। अगर भाग्यवश कहीं टक्कर लग जाए तो कोई उसका दोष नहीं बताता। बल्कि बड़े वाहन को ही दोषी करार देकर उसे हर्जा-खर्चा देने की अनुशंसा की जाती है। और तो और साइकिल चलाने वाला कभी मोटा नहीं होता है। उसका शरीर स्वस्थ रहता है जिससे उसे कोई दवा भी नहीं लेनी पड़ती और न ही एकाएक किसी डॉक्टर के पास जाना पड़ता है। अतः वह राष्ट्र की जीडीपी के लिए कोई योगदान नहीं करता। इसलिए स्वस्थ व्यक्ति अर्थ व्यवस्था के लिए भी सही नहीं कहा जा सकता। जबकि आजकल जगह-जगह दिखाई दे जाने वाली फास्ट फूड की दुकानें 50 तरह की नौकरी पैदा करती है। लोगों को धंधा मिलता है। उदाहरण के लिए फास्ट फूड से हार्ट रोगी (हृदय रोगी) बढ़ते हैं जिससे चिकित्सकों को रोजगार मिलता है। दांत खराब होते हैं। उसे दंत चिकित्सक के पास जाना पड़ता है। फास्ट फूड से वजन बढ़ता है जिसे घटाने के लिए वह चिकित्सक अथवा जिम में जाता है। तो वहां भी लोगों को रोजगार मिलता है। इससे जुड़ी बीमारियों के दवाईयां बनाने वाली कंपनियों में कितने ही लोगों को रोजगार मिलता है। अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स सबो रोजगार मिलता है। इससे भी ज्यादा देश की जीडीपी के लिए खतरनाक तो पैदल चलने वाला व्यक्ति होता है जो साइकिल भी नहीं खरीदता। और हमेशा स्वस्थ रहता है। उसका देश की जीडीपी में कोई योगदान नहीं होता है।


सटीक



शिव दयाल मिश्रा

@jagrukjanta.net

Shivdayalmishra@gmail.com


## मनु भाकर ने जीता दूसरा पदक, सरबजोत के साथ ब्रॉन्ज मेडल भारत को दिलाया




» **जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने इतिहास रच दिया। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीतने का कारनामा किया। इसी के साथ पेरिस ओलंपिक में भारत के खाते में दो पदक हो गए हैं और ये दोनों ही मनु के पिस्टल से निकले हैं। इसके साथ ही मनु एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली भारत की पहली एथलीट बन गईं। मनु और सरबजोत की भारतीय जोड़ी ने ब्रॉन्ज मेडल के मुकाबले में कोरियाई जोड़ी को 16-10 से मात दी। मनु भाकर ने दो दिन पहले ही पेरिस ओलंपिक में ही 10 मीटर एयर पिस्टल के सिंगल्स इवेंट में कांस्य पदक पर निशाना साधा था और 48 घंटे बाद ही उन्होंने भारत की झोली में एक और पदक डाल दिया और इतिहास के पन्नों में अपना दर्ज करवा दिया।

## हरिभाऊ किसनराव बागडे प्रदेश के नए राज्यपाल, शपथग्रहण आज

जागरूक जनता

jagrukjanta.net

**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरिभाऊ किसनराव बागडे को राजस्थान का नया राज्यपाल नियुक्त किया है। नव नियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे का शपथ ग्रहण समारोह आज बुधवार को राजभवन में होगा। हरिभाऊ किसनराव बागडे को मुख्य न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में शाम 4 बजे होगा। बता दें कि राजस्थान में राज्यपाल की जिम्मेदारी संभाल रहे कलराज मिश्र का कार्यकाल 21 जुलाई को खत्म हो गया था। कलराज मिश्र 9 सितबंर 2019 को राजस्थान के राज्यपाल बनाये गये थे। कलराज मिश्र की जगह अब



हरिभाऊ किसानराव बागड़े राजस्थान में राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे। राजभवन की तरफ से शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। 31 जुलाई की शाम चार बजे मुख्य न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव हरिभाऊ किसानराव बागड़े को राज्यपाल पद की शपथ दिलायेंगे।







# रक्षाबंधन 19 को, भद्रा का साया, दोपहर 1.31 बजे बाद बंधेगी राखी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त श्रावण पूर्णिमा सोमवार को मनाया जाएगा। इस बार भद्रा का साया तो रहेगा लेकिन दोपहर 1.31 बजे बाद से दिनभर राखी बांधी जा सकेगी। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि भद्रा का वास पाताल लोक में होने से यह अशुभ नहीं होता है। इस दिन से पंचक भी लग रहा है। 19 अगस्त को सुबह श्रवण नक्षत्र के बाद धनिष्ठा नक्षत्र लगने के कारण यह राज पंचक होगा और इसे अशुभ नहीं माना जाता है। भद्रा काल में उपाकर्म किया जा सकता है। इस पर रोक नहीं रहती। इस दिन ऋग्वेदी, यजुर्वेदी ब्राह्मण उपाकर्म करेंगे। दोपहर 1 बजे तक भद्रा का प्रभाव रहेगा।



इस दिन श्रवण नक्षत्र, पूर्णिमा और सोमवार होने से सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। साथ ही व्रत की पूर्णिमा भी इसी दिन रहेगी।

### बच्चों को भाएगी मैग्नेटिक राखी

प्रदेश में बच्चों के लिए टॉयज राखी, सुपर हीरो, कार्टून कैरेक्टर म्यूजिकल व लाइट वाली राखी के साथ-साथ मैग्नेटिक राखी खास तौर से लाई गई हैं। इसके साथ ही स्टडी मैटेरियल जैसे रबर, पैंसिल, शॉपनर व स्केल वाली राखी भी बच्चों के लिए खास तौर से बनाई गई है जो कि बच्चों को बहुत पसंद आएगी।

### पूरे दिन सर्वार्थ सिद्धि व शोभन योग

**इस** दिन सर्वार्थ सिद्धि योग एवं शोभन योग भी रहेंगे। यह योग भद्रा काल में होने से अधिक प्रभावी नहीं रहेंगे। सर्वार्थ सिद्धि सुबह 5:53 से 8:10 बजे तक रहेगा। रवि योग सुबह 5:53 से 8:10 बजे तक रहेगा। राखी बांधने के लिए दोपहर 2.06 से रात 8.09 बजे तक सर्वश्रेष्ठ समय रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक रक्षाबंधन के दिन श्रवण नक्षत्र, पूर्णिमा और सोमवार होने से सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। साथ ही व्रत की पूर्णिमा भी इसी दिन की महत्ता और बढ़ाएगी।

### वाटर प्रूफ बॉक्स व लिफाफे में भेज सकेंगे राखी

भाई-बहन के अटूट प्यार के पर्व रक्षाबंधन को यादगार बनाने के लिए भारतीय डाक विभाग की ओर से इस बार विशेष प्रयास किया गया है। राखी पोस्ट करने के लिए वाटर प्रूफ लिफाफे के साथ ही इस बार डाक विभाग ने उपहार व मिठाई के लिए अलग से वाटर प्रूफ बॉक्स का तोहफा दिया है। इस बार लिफाफे व बॉक्स की क्वालिटी पर भी खास ध्यान रखा गया है। भारतीय डाक विभाग की ओर से 10, 15 व 30 रुपए की कीमत वाले वॉटर प्रूफ बॉक्स व लिफाफे तैयार किए हैं। ये दो साइज में उपलब्ध हैं, इसमें राखियां डालकर कहीं भी पोस्ट की जा सकती हैं। ये पिंक व ऑफ व्हाइट कलर के हैं, जिनके ऊपर राखियां भी प्रिंट की हैं।

# प्राकृतिक सौन्दर्य में प्रेस क्लब गोठ का आयोजन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब की पारिवारिक गोठ का रविवार को आयोजन हुआ। प्राकृतिक सौन्दर्य के बीच सुशोभित श्री निवास के बालाजी पवित्र स्थल पर रविवार को क्लब परिवार के साथ मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ एवं हवा महल विधायक बाल मुकुन्द आचार्य ने गोठ में भाग लिया।

इस अवसर पर क्लब सदस्यों एवं परिजनों ने प्राकृतिक वातावरण एवं रिमझिम फुआरों के बीच गोठ का अनन्द लेते हुए सेल्फियां ली। क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ एवं महासचिव योगेन्द्र पंचौली, क्लब कोषाध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुर्जर, उपाध्यक्ष विमल सिंह तंवर, राहुल भारद्वाज सहित क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी ने विधायक कालीचरण सराफ एवं बालमुकुन्द आचार्य को माल्यापर्ण कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ और महासचिव योगेन्द्र पंचौली ने बताया कि ऐसे बहुत कम अवसर होते है जब पत्रकारों के परिवार आपस में मिलते है और इस तरह के आयोजनों से न केवल पत्रकारों में बल्कि पत्रकारों के परिवारों में भी आपसी मिल मिलाप और आपसी सामंजस्य बनता है। आज का आयोजन प्रेस क्लब की ओर से पारिवारिक माहौल को बढ़ाता देने का प्रयास है। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मोनिका शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, अनिता शर्मा, ओमवीर भार्गव, सिद्धार्थ उपाध्याय, नमोनारायण अवस्थी, संजय गौतम, शालिनी श्रीवास्तव एवं उमंग माथुर, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व महासचिव एवं वरिष्ठ व युवा पत्रकार परिवार सहित उपस्थित थे।

महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा में कहा...

# प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में खुलेंगे पांच नए आंगनबाड़ी केंद्र

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि इस वर्ष बजट में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण का कार्य पंचायतीराज, स्थानीय निकाय एवं राजस्व विभाग से निःशुल्क भूमि आंवटन हो जाने पर विभाग द्वारा वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने बताया कि सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों के 28 नवीन भवन निर्माण के लिए वर्ष 2017-18 में जिला परिषद् श्री



गंगानगर द्वारा प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की गयी। इनमें से 17 निर्माण पूरे किये जा चुके हैं तथा 3 भवन निर्माणाधीन हैं। इससे पहले विधायक डूंगरराम गेदर के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र सूरतगढ के अंतर्गत एक परियोजना सूरतगढ संचालित है, जिसमें कुल 319 आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत हैं। उन्होंने बताया कि उक्त 319 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 69 स्वयं के विभागीय भवन में संचालित हैं, शेष 250 आंगनबाड़ी केन्द्र अन्य राजकीय भवनों, किराये के भवनों एवं निजी निःशुल्क भवनों में संचालित हैं। उन्होंने इन आंगनबाड़ी केन्द्रों का विवरण सदन के पटल पर रखा।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया कि विभागीय भवन के अलावा अन्यत्र संचालित किये जाने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिये राज्य सरकार विभागीय भवन निर्माण करने का विचार रखती है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण का कार्य भूमि आंवटन हो जाने पर विभाग द्वारा वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता से क्रमशः किराये के भवनों, निःशुल्क भवनों, सामुदायिक भवनों एवं अंत में राजकीय विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिये निर्धारित नॉर्म्स के अनुसार करवाया जाता है।

# मनोनीत राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे जयपुर पहुँचे





जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य के मनोनीत राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे मंगलवार दोपहर को राजकीय वायुयान से जयपुर पहुँचे। एयरपोर्ट पर वायुयान से उतरते ही मनोनीत राज्यपाल बागडे का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्री परिषद् के अन्य सदस्यगण, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू सहित वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने भी अगवानी की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मनोनीत राज्यपाल बागडे से मंत्री परिषद् के सदस्यों का परिचय करवाया। एयरपोर्ट पर मनोनीत राज्यपाल को आर.ए.सी. की बटालियन ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मनोनीत राज्यपाल श्री बागडे ने परेड की सलामी ली और सम्मान गारद का निरीक्षण किया। मनोनीत राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे का जयपुर राजभवन पहुंचने पर भाव-भरा स्वागत किया गया। उन्हें राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर राज्यपाल बागडे की अगवानी की।

## 10 दिवसीय ऊर्जा ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आगाज

» जागरूक जनता @ जयपुर। विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज में इस बार नये सेशन के लिए 10 दिवसीय विशेष ओरिएंटेशन प्रोग्राम "ऊर्जा" का आगाज नए अंदाज के साथ किया जा रहा है। इस प्रोग्राम में देश विदेश से वक्ता शिरकत करेंगे जिसमें मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. अनुभव लांभा ,मि. कौशल भारद्वाज, मि.विशाल कुमार होटला, डॉ. सतीश हांडा होंगे। जो कि कॉन्फिडेंस बिल्डिंग, प्रिपरेशन ऑफ़ सिविल सर्विसेस, हाउ टू मैनेज योर मनी, एफ्फेक्टिव कम्युनिकेशन, टिप्स एंड टेक्निक्स फॉर कॉन्फिडेंस एंड स्टाइल विषयों पर छात्राओं को सेशन लेंगे। इस वर्ष दस दिवसीय ऊर्जा के अंतर्गत संस्था के निदेशक व प्रसिद्ध मोटिवेशनल गुरु डॉ. संजय बियानी के मार्गदर्शन में कृष्ण के संदेश, उत्साह, सकारात्मकता के साथ टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एआई, एंटरप्रेन्योर स्टार्टअप और अंग्रेजी भाषा पर क्रिएटिव लर्निंग पर सेशनस पर जोर दिया जाएगा। इस ओरिएंटेशन में डांसर मीना सपेरा और आर.जे सूफी जैसे कई प्रसिद्ध हस्तियों द्वारा छात्राओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। ऊर्जा कार्यक्रम का संचालन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सुमेधा बाजपेयी व प्लेसमेंट हेड डॉ.स्मृति तिवारी द्वारा किया जाएगा।




बियानी कॉलेज में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

# खेल के बिना जीवन अधूरा-बियानी



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी, पद्मश्री और अर्जुन अवार्डी राम सिंह शेखावत और गुरु वशिष्ठ और महाराणा प्रताप अवार्डी और वू सू अध्यक्ष हीरा नन्द कटारिया और अर्जुन अवार्डी कैप्टेन दीना नाथ यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. संजय बियानी ने कहा की खेल जीवन का अभिन्न अंग है। विभिन्न खेलों के खेलने से हमारी शारीरिक, मानसिक और सामाजिक सेहत में सुधार होता है। खेल का महत्व इतना महत्वपूर्ण है कि इसके बिना हमारा जीवन अधूरा माना जा सकता है। इसलिए बच्चो को स्पोर्ट्स के प्रति प्रेरित करते रहना चाहिए। श्री राम सिंह शेखावत ने कहा की लाइफ में सक्सेस होने का कोई शॉर्ट तरीका नहीं हैं। इसके लिए हमे मेहनत करनी ही पड़ेगी। हीरा नन्द कटारिया ने कहा की गेम्स में अगर आपको कोई प्रॉब्लम आये तो वो मुझसे संपर्क करें मैं हमेशा उनकी मदद के लिए आगे रहूँगा। दीक्षांत समारोह में 48 विद्यार्थियों को डिग्री मिली।

# हमें विरासत को अगली पीढ़ी को दिखाना भी और संरक्षित भी करना है-दीया कुमारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में तथा प्रमुख शासन सचिव, पर्यटन, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग गायत्री राठौड़ की उपस्थिति में शासन सचिवालय में बजट घोषणा एवं परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में की गई बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में बैठक आयोजित की गई। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पर्यटन, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन, पुरातत्व तथा धार्मिक स्थानों का सुनियोजित विकास कार्य किये जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री के समक्ष इससे पूर्व अल्बर्ट हॉल म्यूजियम का उच्च आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए नवीनीकरण व सौंदर्यकरण करने के लिए तीन एजेंसियों की ओर से प्रस्तुतिकरण दिया गया। दीया कुमारी ने प्रस्तुतिकरण के दौरान अधिकारियों और एजेंसियों से कहा कि हमें विरासत को अगली पीढ़ी को दिखाना भी और उसे संरक्षित भी करना है। उन्होंने अल्बर्ट हॉल, आमेर तथा वॉल्ड सिटी जयपुर की धरोहर को संरक्षित करते हुए और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है, इस पर कार्य किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में पर्यटन विभाग की निदेशक डॉ.रश्मि शर्मा तथा विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की सद्बुद्धि के लिए किया यज्ञ



» जागरूक जनता @ जयपुर। कांग्रेस विधायक अमीन कागजी द्वारा उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी व नारी शक्ति के विरुद्ध कुंठित मानसिकता का प्रदर्शन के विरुद्ध विद्याधर नगर जे.पी. कॉलोनी स्थित लीलाधारी हनुमान मंदिर में सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड 24 के सभी कार्यकर्ता और महिलाशक्ति के अलावा वार्ड 24 के पंडित मनोज शर्मा-वार्ड अध्यक्ष, रूप कंवर पार्षद, सतीश जागा युवा मोर्चा, सामाजिक कार्यकर्ता रामप्रसाद लड्ढा, हर्षा सागर महिला मोर्चा, नीलम कुमावत महिला मोर्चा, सत्यनारायण पारिक, प्रकाश अग्रवाल, रविशंकर, लोकेश गुप्ता एवं सभी समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लाइव टेलीकास्ट से दुनिया देखेगी तीज की शाही सवारी का ठाठ



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गुलाबी नगर की तीज की शाही सवारी इस बार देश–दुनिया देखेगी। पर्यटन विभाग इस बार तीज की सवारी का सोशल प्लेटफॉर्म पर लाइव टेलीकास्ट करेगा। इसके साथ ही शहर के पर्यटन स्थलों व सार्वजनिक जगहों पर भी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से तीज की सवारी को लाइव दिखाएंगे। वहीं सवारी निकलने से पहले ही छोटी चौपड़ व तालकटोरा की पाल पर लोकरंग की छटा बिखरेगी।

तीज के त्योहार पर जनानी ड्योढ़ी से 7 और 8 अगस्त को परंपरागत शाही लवाजमे के साथ तीज की सवारी निकलेगी। सवारी त्रिपोलिया गेट से निकलकर त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार होते हुए तालकटोरा पहुंची। तीज की सवारी के दौरान 150 कलाकार राजस्थानी लोक नृत्यों की प्रस्तुति देंगे। इस बार सवारी से पहले ही छोटी चौपड़ और तालकटोरे की पाल लोक नृत्य शुरू हो जाएंगे। पर्यटन विभाग की तैयारी के अनुसार छोटी चौपड़ पर कलाकार घूमर और चरी नृत्य की प्रस्तुति देंगे, वहीं तालकटोरा पर कच्ची घोड़ी नृत्य के साथ बैंडवादन करेंगे।

### सवारी में ये होंगे आकर्षण

तीज की सवारी में राजस्थानी लोक कलाकार कालबेलिया नृत्य, कच्छी घोड़ी नृत्य, घूमर नृत्य, चरी व गैर नृत्य करते हुए आगे बढ़ेंगे। वहीं मशक वादन और भपंग वादन के साथ शहनाई वादन भी सुनाई देगा। रोबीले उंट व घुड़सवार के साथ उंट, निशान हाथी, घोड़े आदि का लवाजमा भी सवारी में देखने को मिलेंगे।

**इस** बार तीज की सवारी को लेकर खास तैयारी की गई है। पहली बार पर्यटन विभाग के सोशल प्लेटफार्म पर इसका लाइव प्रसारण किया जाएगा, जिससे देश और विदेश में घर बैठे लोग भी इसे देख सकेंगे। शहर में कुछ जगहों पर एलईडी स्क्रीन पर भी सवारी दिखाने की तैयारी कर रहे हैं।

**- उपेन्द्र सिंह शेखावत,** उप निदेशक पर्यटन

## गांधी संग्रहालय का बेहतर संचालन कर महात्मा गांधी के विचारों का होगा प्रभावी प्रचार-प्रसार -गोदारा

» जागरूक जनता @ जयपुर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि गांधी संग्रहालय का बेहतर संचालन कर महात्मा गांधी के विचारों के व्यापक एवं प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए गांधी वाटिका न्यास जयपुर (निरसन) विधेयक लाया गया है।

गोदारा विधान सभा में गांधी वाटिका न्यास, जयपुर (निरसन) विधेयक-2024 पर हुई चर्चा के बाद जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गत सरकार ने गांधी संग्रहालय के संचालन के लिए 3 अक्टूबर, 2023 को गांधी वाटिका न्यास की स्थापना की। इसमें न्यास के उपाध्यक्ष को असीमित शक्तियां दी गई थी। अधिनियम में प्रावधान था कि अध्यक्ष भी किसी को हटाएगा तो उपाध्यक्ष के परामर्श से हटा पाएगा। साथ ही, किसी अयोग्यता से ग्रसित होने के बावजूद भी उपाध्यक्ष को हटाने का कोई प्रावधान नहीं किया गया। न्यास को संपत्तियों को डिस्पोज करने सहित कई निरंकुश शक्तियां दी गई थी। उन्होंने कहा कि जेडीए ने 85 करोड़ की लागत से इस संग्रहालय का निर्माण करवाया और वर्तमान में जेडीए ही इसका रखरखाव कर रहा है। गोदारा ने कहा कि संग्रहालयों के संचालन के लिए न्यास के गठन की आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही है। स्थापना के बाद से ही इस न्यास की कभी कोई बैठक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि हमारी भावना है कि गांधी संग्रहालय का शानदार प्रबंधन हो और जयपुर में आने वाले अधिक से अधिक लोग यहां पहुंचे और गांधीजी के विचारों को जाने। इसके लिए बिना विलम्ब किए यह निरसन विधेयक लाया गया है।



**वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का प्रत्युत्तर: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को दी कई सौगातें**

# एनएफएसए के लाभार्थियों को 450 रुपये में मिलेगा गैस सिलेण्डर

### 1 सितंबर से लागू होंगी वेतन विसंगति संबंधी सिफारिशें

### चतुर्थ श्रेणी के पदों पर होगी भर्ती, भरतपुर एवं बीकानेर यूआईटी होंगे विकास प्राधिकरण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 450 रुपये में एलपीजी सिलेण्डर की योजना का दायरा बढ़ाते हुए अब प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के सभी लाभार्थियों को 450 रुपये में एलपीजी सिलेण्डर दिया जाएगा। अब तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं बीपीएल श्रेणी के परिवारों को इसका लाभ मिल रहा था। मुख्यमंत्री ने राजस्थान विनियोग एवं वित्त विधेयक पर चर्चा के प्रत्युत्तर के दौरान गत सरकार में गठित कर्मचारी वेतन विसंगति परीक्षण समिति की सिफारिशों को लागू करने, पुलिस, आरएसी, जेल प्रहरी, वन रक्षक में अग्निवीर युवाओं को नियुक्ति का प्रावधान, भरतपुर एवं बीकानेर में विकास प्राधिकरण सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गरीब, पिछड़ा एवं अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए 24×7 कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने भी सर्वजनहिताय की सोच वाला, समाज के सभी वर्गों-युवा, किसान, महिला, मजदूर, गरीब, असहाय, उपेक्षित और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला बजट दिया है। इस बजट के 10 संकल्पों से हम प्रदेशवासियों की खुशहाली के साथ विकसित राजस्थान का निर्माण करेंगे।

### 1953 से 2014 के बीच 50 से अधिक बार बर्खास्त हुई राज्य सरकारें

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 जून 1975 भारत के लोकतंत्र में काला दिवस था। उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने अपना पद बचाने के लिए लोकतंत्र की हत्या की। नेताओं को मीसा कानून के तहत जेल में डाला, न्यायालय के अधिकारों पर कुठाराघात किया और मीडिया पर सेंसरशिप लागू की। साथ ही 1953 से 2014 के बीच 50 बार से अधिक राज्यों में चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनहित का काम करती है, नाम बदलने की राजनीति नहीं। पूर्ववर्ती सरकार ने अटलसेवा केन्द्र का नाम राजीवगांधी सेवा केन्द्र करने एवं अन्नपूर्णा रसोई योजना का नाम बदलकर इंदिरा रसोई योजना करने का कार्य किया गया।

### पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं की घोषणाओं की क्रियान्विति

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ठोस कार्य करने की नीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं पूर्ववर्ती सरकार के समय में केवल थोथी घोषणाएं हुईं। पशुधन बीमा योजना में पशुपालकों का रजिस्ट्रेशन किया लेकिन एक भी पशु का बीमा नहीं किया गया। वहीं प्रतापगढ़, जालौर एवं राजसमंद में मेडिकल कॉलेज खोलने, फिरोजपुर फीडर की मरम्मत के कार्य, जयपुर में विश्वकर्मा एमएसएमई, केन्द्रीय बस स्टैंड-सिंधी कैम्प को मल्टी मॉडल इंटीग्रेटेड आईएसबीटी हब के रूप में विकसित करने सहित कई घोषणाओं की क्रियान्विति नहीं हुई।

### 45 हजार से अधिक भर्तियां, 20 हजार युवाओं को मिली नौकरी

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अल्प अवधि में 45 हजार से अधिक पदों के लिए भर्तियों के विज्ञापन प्रकाशित किये हैं। लगभग 20 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी भी प्राप्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में ईआरसीपी (पूर्वी राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट) के लिए भी कोई एमओयू नहीं किया गया। साथ ही, यमुना जल समझौते के लिए एक मांग पत्र भी नहीं लिखा गया। वहीं हमने प्रदेशहित में इन योजनाओं पर कार्य प्रारंभ किया।

### 1 हजार करोड़ से बनेंगे अटल प्रगति पथ

**इस** दौरान शर्मा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 4.0 के अंतर्गत प्रदेश की ढाई हजार से अधिक ग्रामीण बसावटों को सड़क से जोड़ने का प्रावधान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया। उन्होंने प्रदेश में सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन संबंधी कार्यों के लिए 1 हजार 100 करोड़ रुपये के अधिक की राशि के कार्यों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 2 वर्षों में 1 हजार करोड़ रुपये व्यय कर 10 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में सीमेंट कंक्रीट के अटल प्रगति पथ निर्मित किए जाएंगे। उन्होंने बड़े शहरों में सार्वजनिक परिवहन के लिए 500 के स्थान पर 1000 ई-बस उपलब्ध कराये जाने की घोषणा की।

### भरतपुर एवं बीकानेर में बनेंगे विकास प्राधिकरण

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि भरतपुर एवं बीकानेर यूआईटी का उन्नयन कर वहां विकास प्राधिकरण का गठन करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में जन सुविधा के कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सम्पादित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर जिला नगरीय आयुक्त की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि द्रव्यवती नदी के विकास के लिए नवीन योजना बनाई जाएगी। उन्होंने 10 हजार से अधिक आबादी वाले कस्बों एवं निकटवर्ती गांवों को शामिल करते हुए 100 कलस्टरों में चरणबद्ध रूप से फेकल स्लज मैनेजमेंट के कार्य एवं दौसा शहर में सीवरेज मास्टर प्लान, सूरजगढ़ (झुंझुनूं), सांगोद (कोटा) में सीवरेज लाईन के कार्य, चेचट एवं खैराबाद कस्बों में क्षतिग्रस्त नालों की सफाई एवं पुनर्निर्माण कार्यों की घोषणा भी की।

**इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा अंगदान एवं प्रत्यारोपण जागरुकता संवाद और सम्मान समारोह आयोजित**

# अंगदान के प्रति जागरूकता के लिए चलाएं अभियान



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख लोग अंग प्रत्यारोपण नहीं होने से जांन गंवा रहे हैं। अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता और अंग उपलब्ध होने की संख्या के बीच बहुत बड़ा अंतर है। इसके मद्देनजर अंगदान के प्रति जागरूकता का सघन अभियान चलाना जरूरी है।

राज्यपाल मिश्र ने रवींद्र रंगमंच में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज और स्टे ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंगदान एवं प्रत्यारोपण जागरूकता संवाद तथा सम्मान समारोह में कहा कि अंगदान मानवता के लिए समर्पण से जुड़ा कार्य है। उन्होंने अंगदान कर दूसरों को नया जीवन देने वाली महान आत्माओं को नमन भी किया। राज्यपाल ने कहा कि हमारा देश महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने असुरों से रक्षा के लिए शस्त्र बनाने के लिए अपनी देहदान कर दी। उनकी हड्डियों से वज्र नामक अस्त्र का निर्माण हुआ जिससे इन्द्र ने असुरों पर विजय प्राप्त की। उन्होंने बताया कि भारत में प्रति दस लाख आबादी पर केवल 0.16 लोग अंगदान करते हैं। वहीं प्रति दस लाख की आबादी पर स्पेन में 36, क्रोएशिया में 35 और अमेरिका में 27 लोग अंगदान करते हैं। मिश्र ने कहा कि स्पेन अंगदान और प्रत्यारोपण के मामले में अग्रणी है। यूरोपियन यूनियन ने भी अंगदान के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सूचना आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। भारत में भी राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन इस दिशा में काम कर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि रेडक्रॉस के अंगदान जागरूकता कार्यक्रम से दूसरों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने आह्वान किया कि राजस्थान में अंगदान की जागरूकता के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही की जाए और राज्य में अंगदान से जुड़ी सेवाओं का विस्तार हो। जहाँ अंग प्रत्यारोपण संबंधी उपकरण मौजूद हैं, वे सभी राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के साथ पंजीकृत हों। उन्होंने कहा कि यदि अंगदान में वाणिज्यिक प्रयोग की प्रवृत्ति पाई जाती है तो वह समाज के लिए कलंक है।

## जागरूक खबरें

### ■ पूर्व सांसद खिलाड़ी लाल बैरवा ने भाजपा से दिया इस्तीफा, पूर्व सीएम गहलोत पर लगाए बड़े आरोप



**» जागरूक जनता @ जयपुर।** बीजेपी नेता और पूर्व विधायक एवं सांसद खिलाड़ी लाल बैरवा ने बीजेपी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। खिलाड़ी लाल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को पत्र लिखकर इस्तीफा दिया। बैरवा ने पत्र में लिखा कि 'मैं खुद भाजपा की विचारधारा से अपने आप को नहीं जोड़ पाया। कांग्रेस विचारधारा मेरे खून में है।' बैरवा ने राजस्थान विधानसभा 2023 के दौरान भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में खिलाड़ी लाल बैरवा का टिकट काट दिया था। बैरवा ने गहलोत को इसका जिम्मेदार बताया था। जिसके बाद ही खिलाड़ी लाल बैरवा ने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी ज्वॉइन की थी और अब भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

# 18 वर्ष से कम एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के निराश्रितों को घर बैठे राशन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने विधानसभा में कहा कि प्रदेश में खाद्य सुरक्षा योजना के सभी लाभार्थियों को योजना का लाभ मिले, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा संवेदनशील पहल करते हुए एक जुलाई 2024 से 18 वर्ष से कम एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के निराश्रितों के लिए घर-घर जाकर राशन वितरण की व्यवस्था की गई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विधान सभा क्षेत्र मावली में 110 उचित मूल्य दुकानें संचालित हैं। इनमें से 14 दुकानें विभिन्न कारणों से रिक्त हैं, जिनका वैकल्पिक दुकानों के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। उन्होंने इन दुकानों को शीघ्र भरने तथा प्रस्ताव प्राप्त होने आवश्यकतानुसार उचित मूल्य की दुकानें खोलने के लिए सदन को आश्वस्त किया। इससे पहले विधायक पुष्कर लाल डांगी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि 7 अप्रैल, 2010 एवं 26 दिसम्बर, 2019 के विभागीय निर्देश द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत चयनित 500 राशनकार्डो अथवा 2000 यूनिट पर नवीन उचित मूल्य दुकान खोले जाने के मापदण्ड निर्धारित है। उन्होंने जानकारी दी कि विधान सभा क्षेत्र मावली में 110 उचित मूल्य दुकानें संचालित है। जिनका ग्रामवार विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि विधान सभा क्षेत्र मावली में विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप उचित मूल्य की पर्याप्त दुकाने संचालित है।

### नए वकीलों को अब रजिस्ट्रेशन के लिए नहीं देनी होगी ज्यादा फीस

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से वकीलों को बड़ी राहत मिली है. नए वकीलों को अब रजिस्ट्रेशन के लिए ज्यादा फीस नहीं देनी होगी। SC ने राज्य बार काउंसिल एक्ट के तहत ही वकीलों से रजिस्ट्रेशन फीस लेने का निर्देश दिया है. एक्ट की के अनुसार रजिस्ट्रेशन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 750 रुपए होगा। वहीं SC-ST वर्ग के लिए शुल्क की बात की जाए तो 125 रुपए निर्धारित किया गया है. जिसमें बार काउंसिल ऑफ इंडिया का शुल्क भी सम्मिलित होगा।

# कल से राजस्थान में लागू होगी बिजली की नई दरें, फिक्स चार्ज बढ़ाया, आदेश जारी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में बिजली की नई दरें एक अगस्त से लागू हो जाएंगी। राजस्थान विद्युत नियामक आयोग ने इसका आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार प्रदेश में बिजली यूनिट दर नहीं बदली गई, लेकिन फिक्स चार्ज बढ़ा दिया गया। ऐसे में सितम्बर और अक्टूबर में मिलने वाले बिलों की राशि में असर दिखेगा। उद्योगों को मिलने वाली छूट भी नए टैरिफ प्लान में बदली गई है। जहां अभी तक रात को बिजली इस्तेमाल करने वाले उद्योगों को 7.5 प्रतिशत की छूट मिलती थी, जिसे अब दिन के समय में 12 से 4 बजे के बीच इस्तेमाल करने पर छूट का प्रावधान रखा है। इस समय बिजली इस्तेमाल करने वाले औद्योगिक उपभोक्ताओं को यूनिट दरों में 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

### घरेलू बिजली उपभोग पर ये बदलाव

- » 50 यूनिट तक खपत पर बीपीएल उपभोक्ता से 100 रुपए से बढ़ाकर 150 रुपए।
- » 50 यूनिट तक खपत पर सामान्य उपभोक्ता से 125 रुपए से बढ़ाकर 150 रुपए।
- » 150 यूनिट तक खपत पर फिक्स चार्ज 230 रुपए से बढ़ाकर 250 रुपए।
- » 300 यूनिट तक खपत पर 275 रुपए था, जिसे बढ़ाकर 300 रुपए किया।
- » 500 यूनिट तक खपत पर 345 रुपए से बढ़ाकर 400 रुपए किया।
- » 500 यूनिट से अधिक की खपत पर 400 रुपए से बढ़ाकर 450 रुपए किया।

### रोड लाइट और इवी चार्जिंग स्टेशन पर ये असर

- » प्रति बल्ब पॉइंट 115 रुपए फिक्स चार्ज से बढ़ाकर 130 रुपए किया। (एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में)
- » प्रति बल्ब पॉइंट 145 रुपए फिक्स चार्ज से बढ़ाकर 160 रुपए किया। (एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में)
- » इवी चार्जिंग स्टेशन के एलटी श्रेणी के कनेक्शन में 40 रुपए प्रति एचपी फिक्स चार्ज से बढ़ाकर 45 रुपए प्रति एचपी।
- » इवी चार्जिंग स्टेशन के एचटी श्रेणी के कनेक्शन में 135 रुपए केवीए फिक्स चार्ज से बढ़ाकर 150 रुपए प्रति केवीए किया।

### उद्योगों के लिए ये बदलाव

- » लघु उद्योग में प्रति कनेक्शन 80 रुपए प्रति एचपी था, जिसे 90 रुपए प्रति एचपी किया। (500 यूनिट तक खपत पर)
- » लघु उद्योग में प्रति कनेक्शन 110 रुपए प्रति एचपी था, जिसे 120 रुपए प्रति एचपी किया। (500 यूनिट से अधिक खपत पर)
- » एलटी मध्यम उद्योग में फिक्स चार्ज 115 प्रति एचपी से बढ़ाकर 130 रुपए प्रति एचपी किया।

ANCHOR | शिविरा पंचांग

# इस शिक्षा सत्र 233 दिन लगेंगे स्कूल, 54 अवकाश तथा 38 उत्सव मनाए जाएंगे

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** शिक्षा विभाग ने स्कूलों के संचालन के लिए रविवार को शिविरा पंचांग जारी कर दिया। आमतौर पर यह पंचांग जून में ही जारी किया जाता है, ताकि जुलाई में नया शिक्षा सत्र शुरू होने पर इस पंचांग के अनुसार स्कूलों का संचालन किया जा सके। लेकिन इस बार जुलाई में पंचांग जारी किया गया है।

### पहली बार भरा और रिसने लगा 30 करोड़ का बांध

पंचांग के अनुसार इस बार शिक्षा सत्र में स्कूलों में 233 दिन कार्य दिवस के रहेंगे, लेकिन इसमें से जुलाई के 26 कार्य दिवस अब समाप्त होने वाले हैं। ऐसे में 207 कार्य दिवस में स्कूल लगेंगे। ग्रीष्मावकाश के अलावा 54 तरह के अवकाश रहेंगे। साथ ही 38 उत्सव मनाए जाएंगे। रविवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने शिविरा पंचांग जारी किया। गौरतलब है कि शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए विद्यालयों में प्रवेशोत्सव का प्रथम चरण दिनांक एक जुलाई से 16 जुलाई तक संपन्न हो चुका है। प्रवेशोत्सव का द्वितीय चरण 25 जुलाई से 16 अगस्त तक रहेगा। किसी विशेष अवसर अथवा कार्यर म पर यदि किसी संस्था प्रधान को कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता होगी, तो वह परिवर्तन संबंधी आवेदन अपने क्षेत्र के प्रारंभिक एवं माध्यमिक जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत कर सकता है।



### शिविरा पंचांग के मुख्य बिंदु

- » 233 कार्य दिवस (बस्ता मुक्त दिवस सहित)।
- » मध्यावधि अवकाश 27 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक रहेगा।
- » प्रथम परख 21 से 23 अगस्त तक।
- » द्वितीय परख 14 से 16 अक्टूबर तक।
- » अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 12 से 24 दिसम्बर तक।
- » शीतकालीन अवकाश 25 दिसम्बर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक रहेगा।
- » वार्षिक परीक्षाएं 24 अप्रेल से 8 मई तक होगी।
- » शिक्षण सत्र 2024-25 में माह का द्वितीय व चतुर्थ शनिवार बस्ता मुक्त दिवस रहेगा ।
- » स्थानीय परीक्षा परिणाम की घोषणा 16 मई को।
- » जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन 25 व 26 अक्टूबर को।
- » राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन 17 व 18 जनवरी 2025 को।
- » 17 मई 2025 से 30 जून 2025 तक ग्रीष्मावकाश।
- » सत्र 2024-2025 की पूरक परीक्षाएं आगामी सत्र 2025-26 के जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जाएंगी।
- » नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 एक जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा।






## सम्पादकीय

# सामान्य रिश्तों की पहल

**ए**शियाई देशों की बैठक के दौरान जयशंकर और वांग यी के बीच LAC पर गतिरोध पर चर्चा अहम रही। मतभेद बरकरार हैं, पर दोनों देशों ने संबंधों को स्थिरता देने पर सहमति जताई है। व्यापारिक सहयोग पर जोर देते हुए, चीन से निवेश को बढ़ावा देना प्राथमिकता है। आसियान देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के सिलसिले में वियतनाम गए विदेश मंत्री एस जयशंकर की चीनी विदेश मंत्री वांग यी से हुई मुलाकात बेहद महत्वपूर्ण है। यह एक महीने के अंदर ही दूसरा मौका है, जब दोनों नेताओं ने मिलकर वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर पिछले चार वर्षों से जारी गतिरोध को दूर करने के उपायों पर बातचीत की है। दोनों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि आपसी संबंधों को स्थिरता देना भारत और चीन के हित में है। लेकिन इस लक्ष्य की ओर बढ़ने के तरीकों पर दोनों देशों के बीच मतभेद अभी भी बने हुए हैं। चीन ने इस बार भी यह संकेत दिया कि LAC पर जो हालात हैं, उसे न्यू नॉर्मल मानकर रिश्तों को सामान्य बनाने की ओर कदम बढ़ाना ठीक रहेगा। लेकिन जयशंकर ने भारत के इस रुख को फिर स्पष्ट किया कि सीमा पर शांति और LAC के लिए सम्मान सुनिश्चित करके ही रिश्तों को सामान्य बनाया जा सकता है। हालांकि दुनिया के मौजूदा हालात को देखते हुए भारत में भी इस बात का अहसास बढ़ता जा रहा है कि सीमा से जुड़े मसलों को दोनों देशों के व्यापारिक सहयोग में ज्यादा समय तक आड़े आने देना अच्छा नहीं है। अलग-अलग थिंक टैंकों या खास समूहों की तरफ से उठाई जा रही यह बात अब सरकार की ओर से भी कही जाने लगी है। इसी का ताजा उदाहरण है कि पिछले दिनों संसद में पेश किए आर्थिक सर्वे में चीन से होने वाले प्रत्यक्ष विदेश निवेश को आसान बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके पीछे अमेरिका और यूरोपीय देशों की चाइना प्लस वन पॉलिसी का फायदा उठाने की भावना हो सकती है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस पर लगे प्रतिबंधों से उपजी परिस्थितियों में भारत ने उससे सस्ती दरों पर कच्चा तेल लेना और उसे रिफाइन करके अन्य देशों को भेजना शुरू करने में देर नहीं लगाई। इससे सभी संबंधित पक्षों को फायदा हुआ। यह एक तरह से पश्चिमी देशों की रूस प्लस वन पॉलिसी ही थी जिसका भारत ने फायदा उठाया। चाइना प्लस वन की जहां तक बात है तो मेक्सिको, दक्षिण कोरिया और वियतनाम जैसे देश तो उसका फायदा उठा रहे हैं, लेकिन भारत उनके मुकाबले में काफी पीछे है। बहरहाल, भारत अपनी सुरक्षा और भू-राजनीति से जुड़े हितों की अनदेखी नहीं कर सकता। ऐसे में LAC पर सामान्य हालात बहाल करने के सवाल को ठंडे बस्ते में डालने की चीनी पेशकश तो स्वीकार नहीं की जा सकती, लेकिन वहां जल्द से जल्द स्थिति सामान्य हो इसके प्रयास तेज जरूर

**चीन ने इस बार भी यह संकेत दिया कि LAC पर जो हालात हैं, उसे न्यू नॉर्मल मानकर रिश्तों को सामान्य बनाने की ओर कदम बढ़ाना ठीक रहेगा। लेकिन जयशंकर ने भारत के इस रुख को फिर स्पष्ट किया कि सीमा पर शांति और LAC के लिए सम्मान सुनिश्चित करके ही रिश्तों को सामान्य बनाया जा सकता है। हालांकि दुनिया के मौजूदा हालात को देखते हुए भारत में भी इस बात का अहसास बढ़ता जा रहा है कि सीमा से जुड़े मसलों को दोनों देशों के व्यापारिक सहयोग में ज्यादा समय तक आड़े आने देना अच्छा नहीं है।**

**पिछले कुछ सालों में ऊर्जा दक्षता को लेकर चेतना बढ़ी है, लेकिन अभी भी जागरूक होने की दरकार है। बिजली की बचत के लिए हमें छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना होगा और उन्हें जीवन में अमल में लाना होगा।**

# ऊर्जा दक्षता के लिए छोटे-छोटे प्रयास जरूरी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**अमित बैजनाथ**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**असल में देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा। इसे कोयले के कैलोरी मान को बढ़ाने और राख की मात्रा को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश कर प्राप्त किया जा सकता है। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना होगा।**



**हा**ल ही में इटली के अपुलिया में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। यह दुनिया में ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। सम्मेलन में कहा गया है कि दुनिया के सात सर्वाधिक संपन्न देशों का समूह जी-7 जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करेगा और ऊर्जा के बदलते स्रोतों को अपनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाएगा। सम्मेलन की समाप्ति पर समूह की तरफ से जारी मसौदा बयान में यह बात कही गई। मसौदे में कहा गया है कि हम जीवाश्म ईंधन पर धीरे-धीरे व्यवस्थित ढंग से निर्भरता कम करेंगे। 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए इस दशक में हम मिलकर गंभीरता से प्रयास करेंगे। इस दस्तावेज में कहा गया है कि 2035 तक कोयला आधारित बिजली उत्पादन में कटौती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

गौरतलब है कि बीते अप्रैल महीने में जी-7 देशों के वित्त मंत्री इस प्रस्ताव पर सहमत हुए थे। वहीं सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में भारत का दृष्टिकोण चार सिद्धांतों उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता पर आधारित है। हम 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मोदी ने वैश्विक नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मिलकर आने वाले समय को हरित युग बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत कॉप के अंतर्गत ली गई सभी प्रतिबद्धताओं को समय से पहले पूरा करने वाला प्रथम देश है। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए यह भी कहा कि हमें मिलकर आने वाले समय को ग्रीन एरा बनाने का हर संभव प्रयास करना चाहिए।

आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को हर बार उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय बहुत चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं। कुछ लोगों ने तर्क दिया है कि कर वृद्धि, ऊर्जा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण और इस क्षेत्र के विनियमन जैसी सरकारी कार्रवाई ने इस संकट को बढ़ाया है।

जहां तक भारत की बात है, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है। वित्त वर्ष 2023 के लिए पेट्रोलियम आयात का अनुमानित मूल्य करीब 210 बिलियन अमेरिकी डॉलर आकलित किया गया है। इसमें कच्चे तेल के लिए 163 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात मूल्य और एलएनजी एवं एलपीजी के लिए क्रमशः 17.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर एवं 14 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात मूल्य शामिल है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कच्चे तेल के आयात में 53 फीसदी की वृद्धि हुई है। वहीं कोयला भंडार कमजोर हैं और उनके निष्कर्षण एवं उपयोग से महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताएं जुड़ी हुई हैं। परिणामस्वरूप भारत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जैसे कि सौर, पवन और जल विद्युत। देश के ऊर्जा क्षेत्र में अभी अपर्याप्त निवेश है। देश के ऊर्जा क्षेत्र को अपने बुनियादी ढांचे में सुधार और अपनी ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने के लिए वृहद निवेश की आवश्यकता है, लेकिन सरकार और निजी क्षेत्र ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त निवेश नहीं कर पा रहे हैं। देश की निम्न प्रति व्यक्ति आय और उच्च गरीबी दर भी लोगों के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का वहन कर सकना कठिन बनाती है। वहीं इस क्षेत्र में राजनीतिक और नियामक बाधाएं भी हैं। देश का ऊर्जा क्षेत्र अत्यधिक विनियमित या नियंत्रित है और इसमें सुधार की राह में उल्लेखनीय बाधाएं मौजूद हैं। इसमें एजेंसियों में समन्वय की कमी एक प्रमुख घटक है। गौरतलब है कि भारत विश्व के सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जकों में से एक है और इसका ऊर्जा क्षेत्र इन उत्सर्जनों का एक प्रमुख योगदानकर्ता है। वहीं जलवायु परिवर्तन देश की ऊर्जा अवसंरचना को भी प्रभावित कर रहा है, क्योंकि मौसमी घटनाओं की आवृत्ति बढ़ती जा रही है।

एक अध्ययन के अनुसार, देश में एलईडी बल्ब एवं ट्यूबलाइट के इस्तेमाल से उजाले के लिए खर्च होने वाली बिजली में करीब 75 फीसदी की कमी आई है। भवनों में बिजली की खपत को लेकर भी कई अध्ययन हुए हैं, जो बताते हैं कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों के इस्तेमाल से करीब 30 फीसदी बिजली खपत कम की जा सकती है यानी भवनों में 1.20 लाख गीगावाट बिजली बचाए जाने की संभावनाएं मौजूद हैं। अध्ययन बताते हैं कि ऊर्जा दक्षता के मानकों को लागू कर घरेलू और आवासीय भवनों में बड़े पैमाने पर बिजली को बचाया जा सकता है। यदि भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानक लागू हो जाएं, तो अतिरिक्त 30 फीसदी बिजली बच सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में उद्योग जगत सबसे ज्यादा करीब 42 फीसदी बिजली खर्च करता है। दूसरे नंबर पर घरेलू क्षेत्र 24 फीसदी बिजली खर्च करता है। व्यावसायिक भवनों में बिजली की खपत आठ फीसदी है। भवन क्षेत्र की कुल खपत 32 फीसदी है, लेकिन भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानकों का क्रियान्वयन सबसे कम हुआ है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# भूमि में आता रूखापन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**कुमकुम**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**इ**स बात में कोई संदेह नहीं कि जब तक हम जल, जंगल, जमीन, खनिज और तेल जैसे संसाधनों का उचित प्रबंधन नहीं करेंगे। तब तक गरीबी से नहीं लड़ा जा सकता। संसाधनों के उचित प्रबंधन के बगैर शांति कायम नहीं हो सकती। हम जिस रास्ते पर चल रहे हैं, यदि उसे नहीं बदला तो संसाधनों को लेकर नयी लड़ाइयां सामने खडी होंगी। पूरी दुनिया में औसतन तापक्रम बढ़ा है और अब प्रचंड गर्मी के दिन धीरे-धीरे बढता जा रहा हैं। इस बात को राहत न मानें कि आने वाले समय में ये स्थिर हो जाएंगे। आज दुनिया में 80 प्रतिशत लोग इस गर्मी को झेल रहे हैं और ऐसे गर्म दिनों की संख्या पहले प्रतिवर्ष 27 के आसपास होती थी। लेकिन, अब वर्ष में 32 दिन ऐसे होते हैं, जब गर्मी खतरे की सीमा तक पहुंच जाती है। अभी बिहार, जैसलमेर, दिल्ली में भयंकर हीटवेव की खबर आई थी, लेकिन देश के अन्य हिस्सों में भी हीटवेव ने लोगों की हालत बदतर कर दी है। इस बढ़ती गर्मी का सबसे महत्वपूर्ण कारण तो यही है कि हमने पृथ्वी और प्रकृति के बढते असंतुलन की तरफ कभी ध्यान ही नहीं दिया। दुनिया भर में एक-एक करके प्रकृति के सभी संसाधन या तो बिखर गए अथवा फिर घटते चले गए। और इसका जिम्मेदार अगर कोई है, तो स्वयं मनुष्य ही है। हमने अपनी जीवन-शैली को कुछ इस तरह बना लिया है कि अब हम उन आवश्यकताओं से बहुत ऊपर उठ गए हैं, जो जीवन का आधार थीं। अब हमने विलासिताओं को भी आवश्यकताओं में बदल दिया है, जिनके कारण पृथ्वी के हालात गंभीर होते चले गए। मसलन, हमारी जीवन-शैली में बहुत बडे बदलाव आए हैं। बढता शहरीकरण और ऊर्जा की अत्यधिक खपत के कारण ग्लेशियर पिघलने लगे हैं, तो नदियां सूखने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। जमीन हो अथवा आसमान पृथ्वी का कोई भी हिस्सा सुरक्षित नहीं बचा है। दुनिया में बढते मरुस्थल की चिंता पर हम कितने गंभीर हैं, इसका पता इन आंकडों से चलता है। दुनिया में करीब 24 प्रतिशत भूमि अब मरुस्थलीय लक्षण दिखा रही है। मरुस्थलीय भूमि उसे कहते हैं, जहां कुछ भी पैदा होना संभव नहीं रहता और पूरी धरती लवणीय हो जाती है तथा पानी की बहुत बड़ी कमी हो जाती है। अपने देश में माना जाता है कि 35 फीसदी भूमि पहले ही डिग्रेड हो चुकी है और इसमें से भी 25 फीसदी बंजर बनने वाली है। ज्यादातर ऐसी भूमि उन राज्यों में है, जो संसाधनों की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, झारखंड, गुजरात, गोवा, दिल्ली और राजस्थान भी इनमें शामिल हैं। इन क्षेत्रों में 50 फीसदी से ज्यादा भूमि बंजर होने वाली है। थोड़ी राहत की बात है कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, केरल, मिजोरम जैसे राज्यों में अभी मात्र 10% भूमि में ही बंजरपन दिखाई दे रहा है। जहां पहले वन होते थे, तालाब थे, अथवा जहां प्रकृति के दूसरे संसाधनों के भंडार होते थे, उन सबको दूसरे उपयोगों में ले लिया गया है। एक अनुमान के मुताबिक, दुनिया भर की 50 प्रतिशत भूमि को अन्य उपयोगों में लगा दिया गया है। इनमें 34 फीसदी देश अत्यधिक बदलाव की श्रेणी में हैं। जबकि, 48 फीसदी देशों में मध्यम बदलाव हुआ है, और 18 फीसदी देश ही ऐसे हैं, जहां भूमि उपयोग में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। दक्षिण एशिया में तो 94 प्रतिशत भूमि का उपयोग बदल चुका और यूरोप 90 फीसदी और अफ्रीका में यह आंकड़ा 89 % है।

# हेपेटाइटिस क्या है...

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**डॉ. संजय बैरवा**
प्राकृतिक चिकित्सक
@jagrukjanta.net

**हे**पेटाइटिस मूल रूप से लीवर से जुड़ी बीमारी है, जो वायरल इन्फेक्शन के कारण होती है। इस बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है। हेपाटाइटिस में 5 प्रकार के वायरस होते हैं, जैसे- ए,बी,सी,डी और ई। इन पांचों वायरसेस को गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि इनके कारण ही हेपेटाइटिस महामारी जैसी बनती जा रही है और हर साल इसकी वजह से होने वाली मौतों का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। हेपेटाइटिस का टाइप बी और सी लाखों लोगों में क्रोनिक बीमारी का कारण बन रहे हैं क्योंकि इनके कारण लीवर सिरोसिस और कैंसर होते हैं। हेपेटाइटिस के बारे जागरूकता पैदा करने और जन्म के बाद बच्चे को वैक्सीन देकर उसे हेपेटाइटिस से बचाया जा सकता है।

हेपाटाइटिस वायरल इन्फेक्शन के कारण होता है जो वायरस के अनुसार 5 प्रकारों में विभाजित किया गया है। ये 5 प्रकार दुनिया भर के लोगों के लिए चिंता का कारण बन गए है।

**हेपेटाइटिस ए**– WHO के अनुसार हर साल 1.4 मिलयन लोग इस बीमारी से ग्रस्त हो रहे हैं। ये दूषित भोजन और दूषित पानी के सेवन करन से होता है ।

**हेपेटाइटिस बी-** इन्फेक्टेड ब्लड के ट्रांसफ्यूशन और सिमेन और दूसरे फ्लूइड के इक्सपोशर के कारण यह संक्रमित होता है।

**हेपेटाइटिस सी-** यह हेपेटाइटिस सी वायरस (HCV) के कारण होता है। यह ब्लड और इन्फेक्टेड इन्जेक्शन के इस्तेमाल से होता है।

**हेपेटाइटिस डी-** यह हेपेटाइटिस डी वायरस (HDV) के कारण होता है। जो लोग पहले से एचबीवी वायरस के इन्फेक्टेड होते हैं वे ही इस वायरस से संक्रमित होते हैं। एचडीवी और एचबीवी दोनों के एक साथ होने के कारण स्थिति और भी बदतर हो जाती है।

**हेपेटाइटिस ई-** हेपेटाइटिस ई वायरस (HEV) के कारण यह होता है। दुनिया के ज्यादातर देशों में हेपेटाइटिस के संक्रमण का यही कारण है। यह विषाक्त पानी और खाना के कारण ज्यादा होता है।

इसके अलावा हेपेटाइटिस को गम्भीरता के आधार पर भी पहचाना जाता है-

**एक्यूट हेपेटाइटिस-** अचानक लीवर में सूजन होता है जिसका लक्षण छह महीने तक रहता है और रोगी धीरे-धीरे ठीक होने लगता है। एचएवी इन्फेक्शन के कारण आम तौर पर एक्यूट हेपैटाइटिस होता है।

**क्रॉनिक हेपेटाइटिस-** क्रॉनिक एचसीवी इन्फेक्शन से 13-150 मिलयन लोग दुनिया भर में प्रभावित होते हैं। लीवर कैंसर और लीवर के बीमारी के कारण ज्यादा से ज्यादा लोग मरते हैं। एचइवी इन्फेक्शन क्रॉनिक रोगी का इम्यून सिस्टम भी बूरी तरह से इफेक्ट होता है।

**हेपेटाइटिस के कारण क्या हैं?**

लीवर में सूजन होने के कारण हेपेटाइटिस रोग होता है। इस वायरल इन्फेक्शन के कारण जान को खतरा भी हो सकता है मतलब हेपेटाइटिस एक जानलेवा इंफेक्शन है। इसके कई कारण हो सकते हैं:-

**वायरल इन्फेक्शन-** खासकर, हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी वायरल इंफेक्शन के कारण होता है।

**ऑटोइम्यून स्थितियां-** अक्सर, शरीर के इम्यून सेल से यह पता चलता है कि लीवर की सेल्स को डैमेज पहुंच रहा है।

**शराब पीना-** अल्कोहल हमारे लीवर द्वारा डायरेक्टली मेटाबोलाइज़्ड होता है, जिसके कारण यह शरीर के दूसरे भागों में भी इसका सर्कुलेशन होने लगता है। इसलिए, जब कोई बहुत अधिक शराब या अल्कोहल का सेवन करता है, तो उस व्यक्ति के लिए हेपेटाइटिस का खतरा बढ़ जाता है।

**दवाइयों का साइड-इफेक्ट्स:-** यह भी एक कारण है हेपेटाइटिस का। कुछ विशेष दवाइयों के ज़्यादा सेवन से लीवर सेल्स में सूजन होने लगती है और हेपेटाइटिस का रिस्क बढ़ जाता है।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



**श्रीमद् भागवत ग्रंथ का सारः** ईश्वर संबंधी ज्ञान के लिए श्रीमद्भागवत के द्वितीय स्कन्ध अध्याय नौ के श्लोक 32 से 34 तक को संपूर्ण ग्रंथ का सार बताया गया है जो इस प्रकार है- श्री भगवान कहते हैं- 1. सृष्टि के पूर्व केवल मैं ही मैं (ब्रह्म) था। मेरे अतिरिक्त न स्थूल था, न सूक्ष्म और न तो दोनों का कारण अज्ञान। जहां यह सृष्टि नहीं है, वहां मैं ही मैं हूं और इस सृष्टि के रूप में जो कुछ प्रतीत हो रहा है, वह भी मैं हूं और जो कुछ बचा रहेगा वह भी मैं ही हूं। 2. वास्तव में न होने पर भी जो कुछ अनिर्वचनीय वस्तु मेरे अतिरिक्त मुझ परमात्मा में दो चन्द्रमाओं की तरह मिथ्या ही प्रतीत हो रही है, अथवा विद्यमान होने पर भी आकाश मंडल में नक्षत्रों में राहु की भाँति जो मेरी प्रतीति नहीं होती, इसे मेरी माया समझना चाहिए। जैसे जिसे आंख के आगे अंगुली लगाकर देखने से एक चन्द्रमा ही दो दिखाई देता है वैसे ही माया से ईश्वर और जगत एक होने पर भी दो की प्रतीति होती है। सर्वत्र व्याप्त परमात्मा एक ही है। अलग प्रतीत होने वाला जगत मिथ्या है। आकाश मंडल में नक्षत्रों में राहु नाम के ग्रह की उपस्थिति का बोध होता है। इसी तरह परमात्मा सदा सर्वदा सर्वत्र व्याप्त होते हुए भी दिखाई नहीं देता। 3. जैसे प्राणियों के पंचभूत रचित छोटे-बड़े शरीरों में आकाश आदि उन शरीरों के कार्य रूप से निर्मित होने के कारण प्रवेश करते भी हैं, **क्रमशः**

## ओपिनियन

# आपके फोन में कौन झांक रहा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**दिलीप शर्मा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**ऑफिस** के हमारे एक सहयोगी काम खत्म कर घर जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि किसी अनजान नंबर से उन्हें वट्सऐप कॉल आया, जिस पर पुलिस इंस्पेक्टर की तस्वीर लगी हुई थी। कॉल करने वाले ने उनका नाम लेते हुए पूछा, आपके बेटे का नाम यह है? हां बोलने पर पूछा कि अभी कहां है वह? हमारे साथी ने कहा गुजरात, तो कॉलर ने तुरंत कहा कि हम गुजरात पुलिस से बोल रहे हैं। आपके बेटे और उसके तीन दोस्तों को हमने रेप केस में पकड़ा है। अभी हमने इस पर केस दर्ज नहीं किया है, आप बताएं, यहीं मामला सेटल करना है या इसे अंदर कर दें।

बेटा कहां है पूछने पर कॉलर बोला, लो खुद उससे बात कर लो। उधर से एक लड़का रोते हुए बोलता है, पापा मुझे बचा लो। इससे आगे बात कराए बिना ही कॉलर फोन छीनते हुए बोलता है, देखो बाहिर मीडिया वाले खड़े हैं, पांच लाख देते हो तो यहीं केस खत्म कर देंगे। हमारे साथी ने पूछा कि गुजरात के किस थाने से बोल रहे हो, तो उनकी बात अनसुनी कर वह फोन पर ही सेटलमेंट करने की बात दोहराता रहा। चूंकि अखबार में हम हर रोज़ इस तरह की धोखाधड़ी की खबरें छापते रहते हैं, इसलिए हमारे साथी ऐसे फ्रॉड से वाकिफ तो थे,



लेकिन फिर भी उन्हें एक बार लगा कि वाकई बेटा कहीं फंस न गया है। लेकिन जब बार-बार पूछने पर भी कॉलर ने नहीं बताया कि किस थाने से बोल रहा है तो इन्होंने फोन काट दिया। और झट से वडोदरा में पढ़ रहे अपने बेटे को फोन मिला दिया। बेटा अपनी क्लास में था तो वह फोन नहीं उठा पाया, पर पिता के कई फोन आने पर मेसेज कर दिया कि पापा क्लास में हूं, दस मिनट में फ्री होकर बात करता हूं। तब जाकर इनकी जान में जान आई।

पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान के नंबर से इस तरह के कॉल कई लोगों को आ चुके हैं। हमारे साथी को तो आभास था कि यह स्पैम कॉल हो सकता है इसलिए वह ठग की बातों में नहीं आए। लेकिन हर कोई इस तरह हिम्मत नहीं कर पाता, खासकर जब ठग एआई के ज़रिए आपके बच्चे की आवाज़ सुनाकर डरा रहे हों। हाल के दिनों में डिजिटल अरेस्ट के ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें डर के मारे लोगों ने ठगों के खाते में पैसे भी ट्रांसफर कर दिए। ठग आपको फोन न काटने की धमकी देकर बैठाए रखते हैं और किसी को भी कॉल नहीं करने देते। इनके निशाने पर ऐसे लोग होते हैं, जिनके बच्चे किसी दूसरे शहर या देश में रहते हैं। इन ठगों को बस आपका और बच्चे का नाम पता होता है और यह कि वह कहीं बाहर है। पिछले हफ्ते हमारे एक परिजन को भी अनगिनत अनजान नंबरों से सैकड़ों स्पैम कॉल आए। सबमें अमेरिका में रहने वाली उनकी दोस्त को कॉन्फ्रेंस कॉल पर लाने की ज़िद कि वे लोन नहीं चुका रही हैं। ऐसा करने से मना करने और फोन काटने पर कॉलर धमकियों पर उतर आए कि बात नहीं कराई तो जीना मुश्किल कर देंगे। तीन दिनों में न जाने कितने नंबर ब्लॉक किए होंगे, लेकिन वो लोग अलग-अलग नंबरों से कॉल कर मानसिक प्रताड़ना देते रहे।

सवाल यह है कि आखिर इन ठगों तक आपकी निजी जानकारी कहां से पहुंच रही है। दरअसल, हमारे फोन में बैंकिंग, शॉपिंग समेत ढेरों ऐप्स हैं। अपनी कॉन्टैक्ट लिस्ट और फोटोज़ तक पहुंच को मंज़ूरी दिए बिना हम इन पर आगे बढ़ ही नहीं सकते। ज़ाहिर है डेटा वहीं से लीक हो रहा है। ऐसे कई मामले आ चुके हैं, जिनमें ठगों ने किसी बैंककर्मी को साथ मिलाकर उससे अकाउंट होल्डर्स की डिटेल निकलवा लीं। हाल में दुनियाभर के 10 अरब से अधिक पासवर्ड लीक होने की खबर आई थी। पिछले साल एक अमेरिकी फर्म ने दावा किया था कि भारत के करीब 82 करोड़ लोगों का डेटा लीक हुआ है। इस डिजिटल दुनिया में हमारी प्राइवेसी पूरी तरह खत्म हो चुकी है। हर वक्त कोई हमें सुन रहा है, हम पर नज़र रख रहा है।

*(विचार लेखक के अपने हैं)*

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



अक्षेन्द्र सन अक्षिता-नरेन्द्र रावत, जयपुर

### हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

### जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

#### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 13/03/2024**

**सूर्योदय :** 05:54 **सूर्यास्त :** 19:11 **चन्द्रोदय :** 01:34 **चन्द्रास्त :** 16:09 **शक सम्वत :** 1946 क्रोधी **अमान्ता महीना :** आषाढ़ा **पूर्णिमांतः** श्रावण **सूर्य राशि :** कर्क **चन्द्र राशि :** वृषभ **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** एकादशी, 15:58 तक **वार :** बुधवार **चन्द्रमास श्रावण :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2081 पिङ्गल **आषाढ़ -** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2080 राक्षस **द्रिक ऋतु :** वर्षा ऋतु

#### नक्षत्र, योग, करण

नक्षत्र : रोहिणी, 10:12 तक
योग : ध्रुव, 14:11 तक
प्रथम करण : बालवा, 15:58 तक
द्वितिय करण : कौवाला, 27:40 तक

#### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:18 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:39 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:42 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:13 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:13 पी एम से |
| अमृत काल | 07:02 ए एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:7 ए एम, अगस्त 1 से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | पूरे दिन |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
अग्निवास : पृथ्वी
कुंभ चक्रः तल-कंठ

#### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:54 - 07:33 | उद्वेग : 19:10 - 20:30 |
| अमृत | : 07:33 - 09:13 | शुभ : 20:30 - 21:51 |
| काल काल वेला | : 09:13 - 10:52 | अमृत : 21:51 - 23:12 |
| शुभ | : 10:52 - 12:32 | चर : 23:12 - 00:32 |
| रोग वार वेला | : 12:32 - 14:11 | रोग : 00:32 - 01:53 |
| उद्वेग | : 14:11 - 15:51 | काल : 01:53 - 03:13 |
| चर | : 15:51 - 17:30 | लाभ : 03:13 - 04:34 |
| लाभ | : 17:30 - 19:10 | उद्वेग : 04:34 - 05:54 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

#### आज एकादशी

**आज कौन सा कार्य करें**

एकादशी : व्रत, उपवास, धार्मिक कृत्य, देवोत्सव, उद्यापन तथा कथा एकादशी में शुभ है।

#### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

श्रावण, कृष्ण, एकादशी, 2081 बुधवार, 31 जुलाई - 6 अगस्त, 2024

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)
भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न लें। व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे।

**वृषभ** (ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)
भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। मान बढ़ेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अपनी बुद्धिमत्ता से आप सही निर्णय लेने में सक्षम होंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, नू,या,यी,यू)
संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ौत्री होगी। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे।

**मिथुन** (क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह)
धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। संतान से कष्ट रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे)
समय ठीक नहीं है। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद न करें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे।

**कर्क** (हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। विवाद न करें। यात्रा में अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें।

**मकर** (भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,)
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय काम बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। जोखिम न उठाएं। संतान से मदद मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति की संभावना है।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी। जोखिम न लें। विवाद से बचें। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी।

**कुंभ** (गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा)
नए अनुबंध होंगे। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। शत्रु सक्रि य रहेंगे। कार्य की प्रवृत्ति में यथार्थता व व्यावहारिकता का समावेश आवश्यक है। व्यापार में नई योजनाओं पर कार्य नहीं होंगे।

**कन्या** (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी।

**मीन** (दी, दू, थे, झ, ज, दे, दो, चा, चि)
धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुद्धि से कार्य में सफलता मिलेगी।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

फाइड सेफ्टी, हाइजीन एवं मिलेट्स (मोटा अनाज) प्रमोशन के लिए सेमिनार आयोजित

# मोटा अनाज ही बचाएगा बीमारियों से

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** होटल फैडरेशन ऑफ़ राजस्थान और फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट राजस्थान की और से फाइड सेफ्टी, हाइजीन एवं मिलेट्स (मोटा अनाज) प्रमोशन के लिए एक सेमिनार का आयोजन होटल इंडियाना प्राइड जयपुर में किया गया। राजस्थान के फूड सेफ्टी कमिश्नर इकबाल खान भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

फूड सेफ्टी विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने सैनिटेशन एवं हाइजीनिक, रिक्वायरमेंट फूड सेफ्टी एक्ट एवं सेनिटेशन के अलावा अनेक विषयों पर अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री की स्वस्थ राजस्थान की भावना से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट पर सजा के अनेक प्रावधान हैं। उपभोक्ताओं को किसी भी खाद्य पदार्थ में मिलावट पाए जाने पर तुरंत विभाग को सूचित करना चाहिए। जिससे मिलावट करने वालों पर उचित कार्रवाई की जा सके। प्रत्येक व्यक्ति तक शुद्ध खाना पहुंचे इसके लिए हम प्रयासरत हैं और इसके लिए होटल्स रेस्टोरेंट और अन्य सभी स्टेक होल्डर से मिलकर आमजन के लिए बेहतर कार्य करने के लिए अनुरोध किया।

राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष (राज्यमंत्री) ओंकार सिंह लखावत ने कहाकि होटल फैडरेशन ऑफ राजस्थान द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर किए जाने वाले ऐसे सेमिनार के लिए फैडरेशन धन्यवाद का पात्र है। मुख्यमंत्री द्वारा मोटे अनाज प्रमोशन के लिए किए जाने वाले प्रयत्न को आगे बढ़ाते हुए इस कार्यशाला से एक अच्छा संदेश पूरे राजस्थान भर में जाएगा। हमें हमारे जीवन में मोटा अनाज खाने की आदत डालने की जरूरत है। जिससे अनेक टाइप की बीमारियों से हम बच सकते हैं।

## शहस्त्रघट कर मनाया तनुष का प्रथम जन्मदिन




**» जागरूक जनता @ जयपुर।** श्रावण की सप्तमी को खोले के हनुमान मन्दिर प्रांगण मे स्तिथ प्रेम माया मन्दिर में तनुष के प्रथम जन्मदिन पर शहस्त्रघट अभिषेक कर मनाया सभी आगन्तुकों ने आत्मतृप्ती प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम मे मम्मी पापा आंचल -प्रणय दादा दादी, पी. सी. शर्मा - सरोज,मनोज - प्रभा एवं ननिहाल पक्ष टी. एन. जोशी, अशोक -उषा, महेन्द्र शैलेन्द्र कृष्ण कुमार, राजेन्द्र, जीतेन्द्र, हमेन्द्र, कीर्ति, देवेन्द्र, अखलेश, संजय, सुधांशु, उतकर्ष -लवली मामा मामी, (जोशी परिवार) नगेन्द्र वशिष्ठ - पुष्पा, कमल कान्त -शीला, संजय कौशिक एवं वरिष्ठ परिवार जन आशा शर्मा, नयनतारा -नरेश, कल्पना - रविन्द्र ने बालक को आशीर्वाद, शुभकामनायें दी।

## डॉ मुकेश अध्यक्ष और संजय महासचिव बने




**» जागरूक जनता @ जयपुर।** श्री वार्ष्णेय वैश्य स्पोर्ट्स क्लब जयपुर के चुनाव में डॉ मुकेश गुप्ता अध्यक्ष,संजय वार्ष्णेय महा सचिव,विजय गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष,कालीचरण गुप्ता, विनय गुप्ता,राजीव गुप्ता, प्रवीण गुप्ता उपाध्यक्ष, गिरीश गुप्ता कोषाध्यक्ष, सांस्कृतिक सचिव विजय गुप्ता, मुख्य खेल सचिव कमल गुप्ता, खेल सचिव मुकुल गुप्ता संगठन सचिव सत्यकुमार वार्ष्णेय, प्रचार सचिव विनय कांत गुप्ता,महिला महासचिव मीरा वार्ष्णेय, महिला सचिव मधु गुप्ता, रेणुगुप्ता, आशा गुप्ता, शिवानी गुप्ता एवं नीता गुप्ता सहित 21 सदस्यों की कार्यकारिणी चुनी गई जिन्हें क्लब के मुख्य संरक्षक डॉ विनोद गुप्ता एवं मुख्य चुनाव अधिकारी नीरज वार्ष्णेय ने शपथ दिलायी। इस अवसर पर डॉ अनिल गुप्ता, विक्रम गुप्ता,कांता गुप्ता सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सकारात्मक सोच से मानसिक तनाव में आती है कमी - डॉ. अनीता गौतम



जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** गौतम हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर, मेंटल हेल्थ फाऊंडेशन एवं कम्युनिटी सायकेट्री इंडियन साइकाइट्रिक समिति के संयुक्त तत्वाधान से केनरा बैंक रीजनल ट्रेंनिंग सेंटर सोडाला में 'वर्क लाइफ बैलेंस' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ अनीता गौतम ने वर्तमान समय में व्यस्त जीवन शैली एवं कार्यभार से बढ़ते तनाव एवं उसके निवारण के बारे में बताया। तनाव के कारण हमारे शरीर में कई फिजियो केमिकल बदलाव होते हैं जिनसे घबराहट, धड़कन बढ़ना, हथेली में पसीना, पेट दर्द, मितली होना, पसीना आना, थकान, शरीर में दर्द आदि शारीरिक लक्षण दिखाई देते हैं। व्यक्ति की कार्य क्षमता, एकाग्रता, याददाश्त में कमी होती है तथा चिड़चिड़ापन, गुस्सा, अवसाद आदि समस्याएं होती हैं। कार्य स्थल के साथ-साथ सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। डॉ. अनिता गौतम ने बताया कि प्राणायाम, योग, भरपूर नींद स्वस्थ भोजन, मित्रों एवं परिवार जन से मन साझा करें, सकारात्मक सोच रखें, स्वयं पर विश्वास व समय प्रबंधन से कार्य स्थल पर होने वाले तनाव को कम किया जा सकता है। विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक कार्यशाला में उपस्थित रहे एवं रेशु कुमार जैन ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया।

## उपमुख्यमंत्री ने शिवपार्थिव महारुद्राभिषेक कार्यक्रम के पोस्टर का किया विमोचन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में 11 अगस्त, रविवार को कागलिया वाले बालाजी मंदिर, मोरीजा रोड, चौमू पर आयोजित होने वाले शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक एवं महाआरती कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया। इस दौरान माननीय उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए जिससे लोगों मे धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। इस दौरान संरक्षक सुरेश चंद शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश मंत्री ओमप्रकाश रीडर, कमलेश कुमार शर्मा एवं ममता शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मंदिर ठिकाना गलता जी के लिए जिला कलक्टर ने किया संचालन एवं प्रबंधन समिति का गठन

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों की अनुपालना में देवस्थान विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत जिला कलक्टर, जयपुर मंदिर ठिकाना गलता जी का प्रशासक नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने मंदिर ठिकाना गलता जी की समस्त परिसंपत्तियों के प्रबंधन एवं संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सहायतार्थ प्रबंधन एवं संचालन समिति का गठन किया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) की अध्यक्षता में गठित प्रबंधन एवं संचालन समिति में उपखण्ड अधिकारी-जयपुर प्रथम एवं कोषाधिकारी (शहर), जयपुर को सदस्य एवं सहायक आयुक्त (द्वितीय), देवस्थान विभाग को सदस्य सचिव बनाया गया है। जिला कलक्टर ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय ने मंदिर ठिकाना गलता जी के महंत अवधेशाचार्य की नियुक्ति को अवैध घोषित करते हुए मंदिर ठिकाना गलता जी एवं उसकी समस्त परिसंपत्तियों का प्रबंधन एवं संचालन राज्य सरकार एवं देवस्थान विभाग को करने के निर्देश दिये गए हैं।

जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि उक्त निर्देशों की अनुपालना में प्रबंधन एवं संचालन समिति को निर्देशित किया गया है कि मंदिर ठिकाना गलता जी की समस्त परिसंपत्तियों के प्रबंधन एवं संचालन की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें, साथ ही उक्त समिति अधोहस्ताक्षरकर्ता को मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसरण में मंदिर ठिकाना गलता जी की समस्त परिसंपत्तियों के प्रबंधन एवं संचालन की व्यवस्था अविलम्ब सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

उद्योगों द्वारा दूसरे स्रोतों के जरिये खुले में पानी छोड़े जाने को लेकर की जा रही है सख्त कार्यवाही

# प्रदूषण मुक्त राज्य बनता राजस्थान

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष श्री शिखर अग्रवाल ने बताया कि भिवाड़ी में लम्बे समय से जलभराव एवं प्रदूषित जल की समस्या सामने आ रही थी. जिसको प्राथमिकता देते हुए समस्या के समाधान पर विभिन्न विभागों के संयोजन से कार्ययोजना तैयार कर सार्थक प्रयास किये गए. इस दौरान न केवल मंडल के अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया बल्कि विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु समय समय पर मुख्यालय एवं जिला स्तर पर बैठकों का आयोजन किया गया। इस दौरान भिवाड़ी जिला प्रशासन, रीको, बीड़ा व अन्य सम्बंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसके परिणाम स्वरूप बारिश के बाद ड्रेनेज के पानी की गुणवत्ता में कहीं हद तक सुधार हुआ है, जो यह इंगित करता है कि सार्थक रूप से किये जा रहे संयुक्त प्रयास सफलता की राह पर है। उन्होंने कहा कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में आदर्श राज्य बने और प्रदूषण मुक्त राज्यों की श्रेणी में शामिल हो इसके लिए मंडल द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

इस सम्बन्ध में मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने बताया कि राज्य में आम जनता को प्रदूषण मुक्त वातावरण मिल सके एवं उद्योगों में सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज को बढ़ावा देकर सुगम संचालन की राह को आसान किया जा सके, इस दिशा में लगातार वृहद स्तर पर प्रयास किये जा रहे है। भिवाड़ी न केवल राज्य के लिए बल्कि सम्पूर्ण देश में एक महत्वपूर्ण आद्योगिक नगरी है। प्रदूषण मुक्त भिवाड़ी की संकल्पना को संजोये मंडल मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारीयों द्वारा हर संभव स्तर पर प्रयास किये गए। जिसके परिणाम स्वरुप जब बारिश के दौरान ड्रेनेज के पानी के सेम्पल लिए गए तो पानी की गुणवत्ता में अप्रत्याशित सुधार दर्ज किया गया।

# गौ शाला में मनाया गौ बछिया राधा का जन्मदिन



जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्रावण कृष्णा सप्तमी को माँ सुरभि गौशाला रायसिंह का बास में जयहिंद शुभकामना ग्रुप ने राधा नाम की बछिया का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर बछिया की हिन्दू संस्कृति से पूजा अर्चना के साथ उस पर पुष्पवर्षा की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने बछिया को दलिया, गुड़, हरा चारा खिलाया। साथ ही गौशाला के पांचो ब्लाकों की 350 गोवंश को भी गुड़ व हरा चारा खिलाया। तत्पश्चात मौके पर उपस्थित ग्रुप के सदस्य गोपाल शर्मा, भुवनेश तिवाड़ी, नगेन्द्र वशिष्ठ, लोकचंद हरिरामानी, महेन्द्र मोहन तिवाड़ी, मोहन नामदेव, काशी दीक्षित, डॉ. एम. के. अग्रवाल, व ओम प्रकाश टीड़ा ने धर्म और गऊ माता के जयकारे लगाए। उल्लेखनीय है की वरिष्ठ सामजसेवी नगेंद्र वशिष्ठ समाज में खुशियाँ बाँटने के लिए कभी स्कूल की छात्राओं का, कभी वरिष्ठजनों का तो कभी अन्य छिपी प्रतिभाओं का जन्मदिन मनाकर खुशियाँ बाँटते रहते हैं। ये समाज और संस्कृति के लिए अनुकरणीय उदाहरण है।

## अजमेर में निशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर होगा आयोजित

**» जागरूक जनता @ अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में 11 अगस्त को निःशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। अजयमेरु प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र गुंजल ने मंगलवार को बताया कि 11 अगस्त को अजमेर के वैशाली नगर स्थित अजयमेरु प्रेस क्लब में सुबह दस से दोपहर दो बजे तक विशाल निशुल्क ज्योतिष परामर्श आयोजित किया जाएगा । जिसमें वैदिक, जन्मकुंडली, हस्त रेखा, मस्तिष्क रेखा, वास्तु, अंकगणित, टैरो कार्ड, लाल किताब, केपी और मंत्र ज्योतिष चिकित्सा सहित अन्य विधाओं के विद्वान ज्योतिषाचार्य लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

आरएए का समर फंक इंडिया सीजन-3

# आरएए इंडिया के 150 एंकर्स व रेडियो जॉकी ने मनोरंजन संग किया पौधारोपण




जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** देशभर से आए आरजे एंड एंकर्स एसोसिएशन (आरएए) इंडिया के 150 एंकर्स और रेडियो जॉकी ने यहां लोहागढ़ रिसोर्ट में मनोरंजन के साथ-साथ पौधारोपण किया और पर्यावरण स्वच्छ रखने का संदेश दिया। आरएए की ओर से आयोजित समर फंक इंडिया सीजन-3 में देशभर से आए एंकर्स और रेडियो जॉकिस पूल पार्टी, बॉक्स क्रिकेट समेत फैशन शो में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। मेंबर्स ने मिलकर रैंपवॉक से फैशन का जलवा बिखेरा। फिर पूरी रिसोर्ट और आरएए की टीम ने परिसर में 150 पौधे लगाए और फोर ए ग्रीनर टुमारो का संदेश दिया। लोहागढ़ के चेयरमैन भगत सिंह और आरएए की अध्यक्ष वर्षा मित्तल एवं फाउंडर्स मनु मीना, दीपक गौतम, समिति के राकेश, कबीर, निधीश, चेतन,डेविड, जितेश, अजीत, विशाल, हितेश, विकी, निधि, शिप्रा समेत पूरी टीम ने मिलकर पौधों को गोद ले उसकी देखभाल की जिम्मेदारी ली। साथ ही पौधों को नाम भी दिया।

## विधानसभा में अपशब्द बोलने पर धारीवाल को मिली सजा, दो दिन सदन की कार्यवाही में नहीं ले सकेंगे हिस्सा

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** विधानसभा में नगरीय विकास की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान सभापति संदीप शर्मा को लेकर अपशब्द करने के मामले में मंगलवार को वरिष्ठ विधायक शांति धारीवाल ने सदन में माफी मांग ली है। माफी के बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने व्यवस्था देते हुए धारीवाल को दो दिन सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेने की सजा दी है। अध्यक्ष देवनानी ने कहा धारीवाल का जिस तरह का आचरण था। उससे चार साल तक सदन के सदस्य रहने का हक नहीं था। लेकिन आपके दल के सदस्यों के आग्रह और माफी के बाद मैंने फैसला किया है। धारीवाल दो दिन विधानसभा तो आएंगे, लेकिन सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेंगे। इससे पहले विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, वरिष्ठ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा व राजेन्द्र पारीक ने सदन में माफी मांगी और कहा धारीवाल खुद खेद प्रकट कर देंगे, उन्हें माफ कर दिया जाना चाहिए।

# कर में राहत
## युवाओं को रोजगार

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी सरकार का पहला बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया

# विकास को गति
## युवाओं को अवसर

# निर्मला बजट

## न्यू टैक्स रिजीम में इनकम टैक्स में राहत, स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार 7वां बजट पेश कर रेकॉर्ड बनाया। उन्होंने कहा कि बजट में रोजगार, स्किल ट्रेनिंग, MSME और मिडल क्लास पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसी के अनुरूप युवाओं के लिए कई योजनाओं का ऐलान हुआ। मिडल क्लास को इनकम टैक्स में राहत दी गई। स्पेशल क्रेडिट प्रोग्राम के जरिये कर्ज के बोझ से लड़खड़ा रहे MSME सेक्टर को मदद देने की बात हुई।

UNION 24-25 BUDGET

वित्त मंत्री ने कहा, ₹17,500 तक फायदा

## न्यू टैक्स रिजीम में राहतें बढ़ीं, ओल्ड जस की तस

### इनकम स्लैब में क्या बदलाव

| पुराने स्लैब | पुरानी दर | नए स्लैब | नई दर |
|---|---|---|---|
| ₹3 लाख तक | Nil | ₹3 लाख तक | Nil |
| ₹3,00,001 से 6 लाख तक | 5% | ₹3,00,001 से 7 लाख तक | 5% |
| ₹6,00,001 से 9 लाख तक | 10% | ₹7,00,001 से 10 लाख तक | 10% |
| ₹9,00,001 से 12 लाख तक | 15% | ₹10,00,001 से 12 लाख तक | 15% |
| ₹12,00,001 से 15 लाख तक | 20% | ₹12,00,001 से 15 लाख तक | 20% |
| ₹15 लाख से ज्यादा | 30% | ₹15 लाख से ज्यादा | 30% |

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में न्यू टैक्स रिजीम यानी नई कर व्यवस्था को प्रोत्साहन देने वाले उपायों का ऐलान किया। इस टैक्स रिजीम को अपनाने वालो के लिए जहां इनकम स्लैब मे बदलाव का ऐलान हुआ। वहीं, इनके लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन भी 50% बढ़ाने की घोषणा हुई। इस डिडक्शन की लिमिट 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दी गई। यानी उनकी टैक्सेबल इनकम से अब 50 हजार के बजाय 75 हजार की रकम सीधे घटेगी। इससे न्यू टैक्स रिजीम से जुड़े मिडल क्लास और नौकरीपेशा वर्ग को राहत मिलेगी। हालांकि ओल्ड टैक्स रिजीम मे कोई बदलाव नही किया गया है।

न्यू टैक्स रिजीम के तहत 3 लाख रुपये तक की इनकम को टैक्स छूट मिलती रहेगी। पर अब 3 लाख से 7 लाख रुपये की आय पर 5% के हिसाब से टैक्स देना होगा। पहले यह स्लैब 3 से 6 लाख तक था। वही, पहले जो स्लैब 6 से 9 लाख तक का था, उसे भी बदलकर 7 से 10 लाख किया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि स्लैब मे बदलाव और स्टैंडर्ड डिडक्शन से करदाता को 17,500 रुपये तक का फायदा होगा। पहले सैलरी से होने वाली 15.75 लाख रुपये की इनकम पर 1,57,500 रुपये टैक्स बनता था। नए बदलावो के बाद 1.40 लाख रुपये ही टैक्स बनेगा।

हालांकि इस छूट को टैक्स एक्सपर्ट ऊंट के मुंह मे जीरा बता रहे है। इनका कहना है कि इसका कुल प्रभाव देखे तो जिनकी कमाई सैलरी से न होकर अन्य स्रोतो से होती है तो उन्हे 10 हजार का ही फायदा होगा, जबकि जो नौकरीशुदा है उन्हे 25000 स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ने की वजह से सालाना 17,500 रुपये की बचत होगी। वहीं, सरकार को 7 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

न्यू टैक्स रिजीम के ये बदलाव 1 अप्रैल 2024 से प्रभावी होगे। वित्त मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 मे दो-तिहाई से ज्यादा व्यक्तिगत करदाताओ ने टैक्स की नई रिजीम को चुना है। पिछले वित्त वर्ष में 8.61 करोड़ से ज्यादा इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किए गए।



### फैमिली पेंशन पर टैक्स छूट बढ़ी

फैमिली पेंशन पर बजट मे टैक्स छूट की लिमिट बढ़ाने का प्रस्ताव है। पहले फैमिली पेंशन से कमाई मे टैक्स छूट 15000 रुपये सालाना थी, जिसे बढ़ाकर 25000 रुपये करने का प्रस्ताव है। इसका मतलब है कि फैमिली पेंशन से होने वाली कमाई पर पेंशनर 25 हजार रुपये तक टैक्स छूट का लाभ उठा सकते है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस कदम से लगभग चार करोड़ कर्मचारियो और पेंशनधारको को राहत मिलेगी।

## युवा आबादी पर बजट का ज़ोर, रोज़गार पर 5 साल में खर्च होंगे ₹2 लाख करोड़



**यूथ पर फोकस...** 48 लाख करोड़ रुपये के कुल बजट में मुख्य रूप से रोजगार, इंटर्नशिप और स्किल ट्रेनिंग की योजनाओं पर जोर रहा। इसका मकसद देश की युवा आबादी के लिए रोजगार के रास्ते खोलना है। बजट में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार के मौके मुहैया कराने की खातिर पांच साल की अवधि में 2 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। शिक्षा और कौशल विकास के लिए अलग से 1.48 लाख करोड़ रुपये रखे गए हैं।

### स्किल ट्रेनिंग, जॉब, आर्थिक मदद, इंटरेस्ट सब्सिडी...

# 20 लाख युवाओं को इंटर्नशिप
## पहली जॉब पर 15 हज़ार मदद... कई योजनाएं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली:** सरकार ने युवाओं को रोजगार और स्किल ट्रेनिंग के लिए बजट में कई बड़ी योजनाओं की घोषणा की है। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिन 9 प्राथमिकताओं को गिनाया है, उनमें रोजगार और कौशल प्रशिक्षण को काफी महत्व दिया गया है। मोदी 3.0 के पहले बजट में कौशल प्रशिक्षण यानी स्किल ट्रेनिंग, इंटर्नशिप, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में अतिरिक्त रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए नए कदम, स्टूडेंट्स के लिए लोन की सुविधा को आसान बनाने की घोषणा की गई है। अगर ओवरऑल देखें तो युवा और उनका रोजगार इस बजट के केंद्र में नजर आता है।

### स्किल ट्रेनिंग की तीन बड़ी योजनाएं

बजट में रोजगार से जुड़ी तीन योजनाएं शुरू करने की घोषणा की गई है। ये योजनाएं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) में नामांकन और पहली बार रोजगार



पाने वालों पर आधारित होंगी। पहली योजना के तहत EPFO में पहली बार रजिस्टर होने वाले सभी नए कर्मचारियों को अधिकतम 15 हजार रुपये की मदद तीन किस्तों में मिलेगी। पात्रता यह है कि सैलरी एक लाख रुपये महीने से कम हो। इस योजना से 2.10 करोड़ युवाओं को फायदा होगा। दूसरी योजना में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में अतिरिक्त रोजगार को प्रोत्साहन दिया जाएगा। सीधे कर्मचारी और नियोक्ता, दोनों को सीधे तौर पर रोजगार के पहले चार वर्षों मे EPFO में उनके अंशदान के संबंध में प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस योजना से पहली बार रोजगार पाने वाले 30 लाख युवाओं और उनके नियोक्ताओं को लाभ होगा। सरकार प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के संबंध मे नियोक्ताओं के EPFO अंशदान के लिए उन्हे दो वर्षो तक तीन हजार रुपये महीने देगी। इस योजना से 50 लाख व्यक्तियों को अतिरिक्त रोजगार प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

### टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप

बजट मे बताया गया है कि कौशल में सुधार के साथ छात्रो के लिए इंटर्नशिप का विशेष प्रोग्राम चलाया जाएगा। देश की टॉप 500 कंपनियो मे अगले 5 वर्षो मे 1 करोड़ युवाओ को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएगे, योजना मे 5 हजार रुपये प्रतिमाह का इंटर्नशिप भत्ता और 6 हजार रुपये की एकमुश्त सहायता दी जाएगी। सरकार का कहना है कि इस योजना से युवाओ को 12 महीनो का अनुभव मिलेगा। कंपनिया अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड से प्रशिक्षण लागत और इंटर्नशिप लागत का 10% उठाएंगी।



### 20 लाख युवाओं को स्किल ट्रेनिंग

सरकार पांच वर्षो मे 20 लाख युवाओ को स्किल ट्रेनिंग देगी। प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत चौथी योजना के रूप मे राज्य सरकारो और उद्योग के सहयोग से यह योजना चलाई जाएगी। एक हजार ITI यानी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो को 'हब और स्पोक मॉडल' मे अपग्रेड किया जाएगा। इंडस्ट्री की जरूरत के मुताबिक नए कोर्सेज शुरू होगे और फ्रेमवर्क तैयार होगा। मॉडल स्किल लोन स्कीम को संशोधित किया जाएगा। केंद्र सरकार 7.5 लाख तक के लोन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्कीम मे संशोधन करेगी। माना जा रहा है कि इससे हर वर्ष लगभग 25 हजार छात्रों को फायदा होगा।

### ई-वाउचर से 10 लाख रुपये तक एजुकेशन लोन

सरकार घरेलू संस्थानों मे उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के लोन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। हर साल एक लाख स्टूडेंट्स को 10 लाख के लोन के लिए ई-वाउचर दिए जाएगे। किसी



भी योजना मे लाभ के लिए पात्र नही रहे युवाओ की मदद के लिए सरकार यह वित्तीय सहायता देगी। लोन की इस राशि पर 3% की इंटरेस्ट सब्सिडी भी मिलेगी। प्राइवेट सेक्टर की तरफ से रिसर्च और इनोवेशन के लिए मेकेनिजम तैयार किया जाएगा। इसके लिए 1 लाख करोड़ रुपये का कोष तैयार किया जाएगा, जिसकी घोषणा फरवरी में अंतरिम बजट मे की गई थी।

## जिनके समर्थन से सरकार, उनके लिए खोल दिया खज़ाना

### 5 संदेश निकले हैं मोदी सरकार के इस बजट से

**1 गठबंधन युग की वापसी**
वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण ने पहली बार अपने किसी बजट मे दो राज्यो पर इतना फोकस किया। केंद्र सरकार के दो अहम सहयोगी- टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू की अगुआई वाले आंध्र प्रदेश और जेडीयू मे नीतीश कुमार की अगुवाई वाले बिहार को जिस तरह खास ट्रीटमेंट दिया गया, वह एक तरह से गठबंधन धर्म की वापसी का ऐलान ही था। इस बजट से साफ संदेश गया कि सहयोगी सरकार मे अपने समर्थन की 'कीमत' भी वक्त आने पर लेते रहेंगे।

**2 जनादेश का साया**
बजट मे दिखा कि 4 जून को आए आम चुनाव के जनादेश का साया सरकार पर है। इस बार विपक्षी दलो ने रोजगार को बड़ा मुद्दा बनाया था। बाद मे आए आंकड़ो ने भी संकेत दिया कि युवा वोटरो ने इस मुद्दे पर बीजेपी से नाराजगी दिखाई है। सरकार ने बजट मे इस पर ध्यान दिया और युवा और उनके रोजगार को बड़े फोकस मे रखकर संदेश दिया कि वे सियासी परिणाम से सीख लेने को तैयार है। संकेत साफ है कि आगे भी युवाओ पर सभी दलो का फोकस बढ़ेगा। नीतियां भी इनके इर्द-गिर्द घूमेंगी।

**3 गरीबों की सुनी, गांवों पर ज़ोर**
लोकसभा चुनाव मे बीजेपी को ग्रामीण इलाको की गरीब आबादी से पिछली बार के मुकाबले कम वोट मिला था। उनका विश्वास फिर से हासिल करने के लिए सरकार ने बजट मे ग्रामीण इलाको पर जोर दिया है। खेती-किसानी से लेकर आवास योजना हो या दूसरी सब्सिडी स्कीम, वहां बजट मे गांवो को प्राथमिकता दी गई। जानकारो के अनुसार, सरकार बजट मे लोकलुभावन योजनाओ से जरूर बची, लेकिन बजट का बड़ा हिस्सा वही खर्च करने की मंशा दिखाई है।

**4 मिडल क्लास के प्रति दिखी दुविधा**
इस बजट मे अगर सबसे अधिक इंतजार किसी बात को लेकर था तो वह यह कि इसमे मिडल क्लास के लिए क्या है, क्या टैक्स मे राहत मिलेगी? लेकिन पिछली बार की तरह इस बार भी मिडल क्लास के प्रति दुविधा इस बजट में भी दिखी। बजट मे इस वर्ग को टैक्स के मोर्चे पर आंशिक राहत जरूर मिली, लेकिन फौरी प्रतिक्रिया में यह क्लास खुश नही दिखा। ऐसे मे आने वाले वर्षो मे उन्हे साधने की कोशिश हो सकती है। सरकार ने यह भी संदेश दिया कि मिडल क्लास को सीधा लाभ देने के बजाय उनके लिए बेहतर संसाधन जुटाने पर फोकस होगा।

**5 बड़े जोखिम से परहेज़**
मोदी सरकार की अब तक शैली चौंकाने वाली रही है, लेकिन इस बार बजट मे बड़े जोखिम लेने से परहेज किया गया। बड़े-बोल्ड रिफॉर्म को जगह नही मिली। बहुत कुछ यथास्थितिवाद का पालन किया गया। नीतिगत स्तर पर पुरानी योजनाओ को विस्तार या उन्हे बेहतर-बड़े स्तर पर लागू करने की बात कही गई। लेकिन वित्तीय घाटे को काबू मे रखने के मोदीनॉमिक्स का स्पष्ट संदेश दिया गया कि इस मोर्चे पर कोई समझौता नही होगा। साथ ही, यह संदेश भी गया कि सरकार को खर्च के लिए अब अपने खजाने के साथ प्राइवेट इनवेस्टमेंट से भी उम्मीद है, जो उनकी उम्मीदो के अनुरूप हाल के वर्षो मे नही हुआ।

### कैपिटल गेन, F&O पर टैक्स बढा

## शेयरों से सीधी कमाई तो देना होगा अधिक टैक्स

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**शेयर बाजार** में सीधा निवेश करने वालों को झटका लगा है। बजट प्रस्तावों में कैपिटल गेन टैक्स बढ़ाने के साथ फ्यूचर ऐंड ऑप्शन (F&O) में सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (STT) बढ़ाने का भी ऐलान हुआ। इक्विटी में निवेश से होने वाले शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन पर टैक्स रेट 15 से बढ़ाकर 20% करने की घोषणा हुई। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (LTCG) पर टैक्स रेट 10% से बढ़ाकर 12.5% करने का प्रस्ताव आया। फ्यूचर ऐंड ऑप्शन में फ्यूचर ट्रांजैक्शन पर STT को 0.0125% से बढ़ाकर 0.02% करने का ऐलान हुआ है। ऑप्शन ट्रांजैक्शन पर इसे 0.0625% से बढ़ाकर 0.1% किया गया है।

सरकार ने थोड़ी राहत देते हुए सरकार ने लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (LTCG) में टैक्स छूट की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 1.25 लाख कर दिया है। रेवेन्यू सेक्रेटरी संजय मल्होत्रा ने कहा कि कैपिटल गेन टैक्स रेट में बदलाव से सरकार को 15 हजार करोड़ का फायदा होगा।



### प्रॉपर्टी बेचने से नहीं होगा ज़्यादा फायदा

■ **विस, मुंबई:** बजट मे प्रॉपर्टी की बिक्री पर मिलने वाले इंडेक्सेशन बेनिफिट को खत्म करने की घोषणा की गई है। नया नियम 23 जुलाई से लागू हो जाने के बाद टैक्सपेयर को बिक्री मूल्य से खरीद मूल्य को कम करके पूंजीगत लाभ यानी कैपिटल गेन की गणना करनी होगी। अब तक की व्यवस्था मे प्रॉपर्टी की सेल से होने वाले लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर इंडेक्सेशन बेनिफिट के भीतर 20% टैक्स लगाया जाता था।

### इन्होंने भी खींचा ध्यान

### बच्चों के लिए NPS वात्सल्य, इंप्लॉयर कॉन्ट्रिब्यूशन भी बढ़ा

जागरूक जनता **नई दिल्ली:** वित्त मंत्री ने बच्चो के लिए नई पेंशन योजना 'NPS वात्सल्य' शुरू करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि इस पेंशन योजना मे पैरेंट्स अंशदान करेंगे। बच्चे के 18 साल के होने पर इस योजना को सामान्य NPS खाते मे बदला जा सकेगा। साथ ही, वित्तमंत्री ने NPS के तहत इंप्लॉयर कॉन्ट्रिब्यूशन 10 से बढ़ाकर 14% कर दिया। यह फायदा नई रिजीम अपनाने वाले निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मियो को मिलेगा।



### मुद्रा लोन की सीमा डबल, अब 20 लाख तक मिलेगा कर्ज

जेजे **नई दिल्ली:** बजट मे प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) के तहत लोन की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दी गई है। अभी तक इस योजना मे 50 हजार से 10 लाख रुपये तक लोन मिलता रहा है। इस लोन को कोई भी शख्स अपना बिजनेस शुरू करने या बिजनेस को बढ़ाने के लिए ले सकता है। इस लोन के लिए किसी भी प्रकार की गारंटी की जरूरत नही पड़ती। इस योजना को केंद्र सरकार ने 2015 मे शुरू किया था।



### 50 लाख रुपये या इससे महंगी प्रॉपर्टी बेचने पर 1% TDS

जेजे **नई दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 50 लाख रुपये या उससे ज्यादा कीमत की प्रॉपर्टी बेचने पर 1% का TDS लगेगा, भले ही लेन-देन मे कई खरीदार और विक्रेता शामिल हो। बजट दस्तावेज के मुताबिक, अधिनियम की धारा 194-IA मे खेती की जमीन से इतर संपत्ति के ट्रांसफर के लिए होने वाली पेमेंट पर टैक्स कटौती का प्रावधान है। इसे स्पष्ट करने के लिए इस धारा मे संशोधन किया जाएगा। संशोधन 1 अक्टूबर से प्रभावी होगे।



### गोल्डन बजट | सरकार ने कई चीजों की कस्टम ड्यूटी में किए बदलाव


## सोना, चांदी, कैंसर की दवाएं सस्ती होंगी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

■ **बजट मे** इस बार सरकार ने कस्टम ड्यूटी मे बदलाव किए है। लगभग सात तरह की चीजो पर कस्टम ड्यूटी कम की गई और दो चीजों की ड्यूटी बढ़ाई है। इससे इन चीजो की कीमतो मे बदलाव आएगा। गोल्ड और सिल्वर पर कस्टम डयूटी 15% से घटाकर 6% करने का प्रस्ताव है। इसके असर के तौर पर बुलियन मार्केट और कमोडिटी एक्सचेंज मे सोने-चांदी की कीमतो मे एक ही दिन मे 6% की गिरावट देखने को मिली। बजट मे प्लैटिनम पर भी कस्टम ड्यूटी 6.4% करने का प्रस्ताव किया गया है।

इंडिया बुलियन ऐंड जूलर्स असोसिएशन (IBJA) के नैशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता के अनुसार गोल्ड-सिल्वर पर ड्यूटी घटने से गोल्ड की कीमतो मे प्रति 10 ग्राम लगभग 5900 रुपये की, सिल्वर पर प्रति किलो 7600 रुपये तक की कमी आएगी। जिनके घरो मे शादियां है, उन्हे इसका फायदा होगा और डिमांड भी बढ़ेगी।

कैंसर की 3 और दवाओ पर कस्टम छूट दी गई है। मोबाइल, चार्जर और कुछ अहम पुर्जो पर ड्यूटी 20% से घटाकर 15% करने की घोषणा की है। लेदर और फुटवियर पर भी कस्टम ड्यूटी घटाई गई है। बजट मे लिथियम आयन बैटरी सस्ती करने की घोषणा की गई है, जिसका मतलब है कि इलेक्ट्रिक गाड़ियां भी सस्ती हो सकती है। साथ ही इम्पोर्टेड जूलरी भी सस्ती करने की घोषणा की गई है।



**ये चीजें सस्ती**
■ मोबाइल, चार्जर सस्ते होंगे ■ प्लेटिनम ■ कैंसर की 3 दवाएं ■ इलेक्ट्रिक गाड़ियां ■ इम्पोर्टेड जूलरी ■ इलेक्ट्रोनिक सामान ■ सोलर पैनल ■ रेयर मिनरल्स ■ मछलियो का खाना

**ये सामान महंगा**
■ टेलिकॉम का सामान ■ प्लास्टिक की चीजे ■ सिगरेट

### हमने हर वर्ग के लिए किया काम: निर्मला

बजट पेश करने के बाद निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम टैक्सेशन को आसाना बनाना चाहते थे। कैपिटल गेन्स के लिए भी। दूसरा- अगर कुछ भी हो, एवरेज टैक्सेशन मे कमी आई है। वित्त मंत्री ने विपक्ष की इस आलोचना को खारिज कर दिया कि सरकार ने बजट मे उन राज्यो को विशेष सुविधा दी है, जहां उसके सहयोगी दलो की सरकारे है। निर्मला ने कहा कि जिनके गठबंधन को 230 सीटे मिली है, उन्हे इस पर सवाल उठाने का अधिकार नही है।



## जागरूक खबरें

### ■ शिवदयाल को मिला ऑल इंडिया एसटी कैटेगरी में प्रथम स्थान



» जागरूक जनता @ दौसा। भारत सरकार सेवार्थ डी. ए. ई परमाणु ऊर्जा विभाग प्रमाणु ऊर्जा अनुसंधान केंद्र रक्षा मंत्रालय आर्म फोर्स की सीबीटी परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ जिसमे ग्रामीण क्षेत्र दोसा के गांव शेखपुरा निवासी शिवदयाल मीणा पुत्र जगदीश प्रसाद मीणा ने ऑल इंडिया एसटी कैटेगरी मै प्रथम स्थान प्राप्त किया, उन्होंने अपने इस सफलता का श्रेय माता-पिता भाई बहनों और मुंगेना परिवार के सभी सदस्यों को दिया।

### ■ सिन्धी युवक युवती परिचय सम्मेलन 8 सितंबर को जयपुर मे

» जागरूक जनता @ उदयपुर। भारतीय सिन्धु सभा राजस्थान न्यास की और से 8 सितंबर 2024 को राज्य स्तरीय सिन्धी युवक युवती परिचय सम्मेलन गीता भवन जयपुर मे आयोजित किया जाएगा। सिन्धु सभा उदयपुर महानगर अध्यक्ष गुरमुख कस्तुरी एवं युवा ईकाई अध्यक्ष विजय आहुजा ने बताया कि सम्मेलन की तैयारी हेतु सिन्धु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र तीर्थाणी (अजमेर) एवं जोधराज तनवानी जिला अध्यक्ष चितोडगढ सनातन धर्म मंदिर शक्तिनगर उदयपुर मे उपस्थित हो कर सम्मेलन की विस्तृत जानकारी दी। बैठक के पूर्व अतिथियों एवं मातृ शक्ति द्वारा श्री झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का प्रारंभ किया। बैठक के मुख्य वक्ता सिन्धु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र तीर्थाणी एवं चित्तोड़ जिले के अध्यक्ष जोधराज तनवानी कोउपरणा पहना कर स्वागत किया गया। सिन्धु सभा के प्रदेश संरक्षक सुरेश कटारिया एवं संभाग प्रभारी प्रकाश फूलानी ने बताया कि सम्मेलन का आयोजन महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन हरिशेवा उदासीन आश्रम भीलवाड़ा,व प्रेम प्रकाश श्री अमरापुर स्थान जयपुर मडलाचार्य स्वामी भगत प्रकाश जी महाराज के साथ सन्तों महात्माओं के मार्गदर्शन व आशीर्वाद से आयोजन किया जाएगा।

---

कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के 11 संबंध कॉलेज की छात्राएं कृषि महाविद्यालय की निगरानी में खेत पर करेंगी प्रायोगिक कार्य

# 23 जिलों की 137 छात्राएं खेत पर सीखेंगी कृषि का प्रायोगिक ज्ञान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जोबनेर।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय जोबनेर में रेडी छात्राओं के लिए विलेज अटैचमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ बलराज सिंह और डॉ कमलेश सिंह रहे। डॉ बलराज सिंह ने बताया कि 13 कृषि महाविद्यालय की 197 छात्राएं किसानों के साथ मिलकर 56 दिन कृषि संबंधित प्रायोगिक जानकारी हासिल करेंगे।

उन्होंने बताया कि गतवर्ष 17 जिलों की 73 छात्राओं ने भाग लिया बल्कि इस वर्ष 23 जिलों की 137 छात्राएं कृषि महाविद्यालय जोबनेर की छात्राओं के साथ मिलकर किसानों के खेत पर खेती का प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करेंगे जो की पिछले वर्ष से सफल एवं उत्कृष्ट कार्य के परिणाम है। डॉ बलराज सिंह ने कहा कि इन छात्राओं की विशेष निगरानी के लिए प्रतिदिन विशेष एडवाइजरी करने के लिए रेडी टीम का गठन किया है। डॉ बलराज सिंह ने बताया कि जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय कृषि क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय पहचान रखता है। उन्होंने कॉलेज मॉडल एक्ट के बारे में जानकारी दी और साथ ही पॉली हाउस के क्लस्टर व उसकी बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए संरक्षित खेती को अपनाने के लिए जोर दिया साथ ही बसेड़ी गांव में बने हुए पॉलीहाउस मॉडल को अन्य क्षेत्रों में भी अपनाने की जरूरत है।

मुख्य वक्ता डॉ कमलेश सिंह के अलावा, रेडी प्रभारी डॉ बलवीर सिंह बधाला ने भी अपने विचार रखें। डॉ बधाला ने बताया कि जोबनेर के बसेड़ी, बस्सी झाझड़ा, कालख भोजपुरा में प्रगतिशील किसानों के खेत पर रेडी छात्राएं खेती का ज्ञान प्राप्त करेगी। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ हीना साहीवाला ने किया। इस दौरान डॉ शैलेश मार्कर, डॉ आईएम खान, डॉ संतोष सामोता, डॉ राजेश सिंह, डॉ नरेंद्र के साथ लगभग 197 छात्राएं मौजूद रही।

---

नॉन-वायलेंट कम्युनिकेशन कक्षा में 40 छात्र शामिल

# सामान्य ज़रूरतों और भावनाओं को समझने में मदद करता है नॉन-वायलेंट कम्युनिकेशन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भीलवाडा।** गाँधी नगर स्थित टील्स संस्थान में तीन सप्ताह की नॉन-वायलेंट कम्युनिकेशन कक्षाओं का आयोजन किया गया, जिसमें 40 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कक्षा का संचालन टील्स टीम व इंग्लिश ट्रेनर अभिलाष मोदी द्वारा किया गया। अभिलाष मोदी ने बताया की इन कक्षाओं में सभी प्रतिभागियों को जीवन के व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से अहिंसक संवाद (नॉन-वायलेंट कम्युनिकेशन) के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने महसूस किया कि उनके जीवन, संबंधों व संवाद के प्रति सोच में सकारात्मक बदलाव आया है।

अभिलाष मोदी ने बताया कि नॉन-वायलेंट कम्युनिकेशन सिर्फ बात करने का तरीका नहीं है; मार्शल रोसेनबर्ग द्वारा विकसित, यह तरीका हमें इंसानों की सामान्य ज़रूरतों और भावनाओं को समझने में मदद करता है। तीन सप्ताह चली इस क्लास के अंत में चुने हुए प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए और पलक गोखरू को कक्षा का सर्वश्रेष्ठ छात्र चुना गया।

संस्थान की ऑनलाइन डिवीज़न हेड दिव्यांशी शुक्ला ने बताया की हम एक ऐसे समय में जब गलत संवाद का तरीका अक्सर रिश्तों में गलतफहमी और संघर्ष का कारण बनता है, नॉन-वायलेंट कम्युनिकेशन अधिक सार्थक और करुणामय संवाद का रास्ता खोलता हैं।

अभिलाष मोदी ने बताया की हमने इन कक्षाओं में व्यवहारिक जीवन की स्थितियों का विश्लेषण किया, एम्पैथी का अभ्यास किया, और बिना किसी को दोष दिए या आलोचना किए अपनी भावनाओं और जरूरतों को व्यक्त करना सीखा। मोदी ने बताया की वह टील्स एजुकेशन और अन्य स्थानों पर नॉन-वायलेंट कम्युनिकेशन के साथ अपनी यात्रा जारी रखते हुए संभावनाओं के लिए काफी उत्साहित हैं।

---

## रावतसर पीएससी में किया पौधरोपण



**रावतसर/बाडमेर @ जागरूक जनता।** ग्राम पंचायत रावतसर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत सौ पौधे लगाए गए। जिसमें कनेर, पीपल,नीम के पौधे शामिल थे। इस अवसर पर सरपंच टीकूराम गोदारा, सरपंच प्रतिनिधि करण गोदारा, चूनाराम जाखड़, ठाकरदास संत, युवा नेता डालू जाखड़ सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

---

बगैर मान्यता के उदघाटन भी कर दिया, संचालक बोले, मान्यता नहीं, जल्द मिलेगी

## बगैर मान्यता चल रहा था प्राइवेट स्कूल, ग्रामीणों ने शिकायत की, शिक्षा विभाग ने बंद करवाया

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बाड़मेर @ डालू जाखड़।** ग्राम पंचायत रावतसर में पिछले करीब एक महीने से एक प्राइवेट स्कूल द वैली इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा विभाग के नियमों को ताक पर रखकर बगैर मान्यता के संचालित की जा रही है। इस संबंध में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री से लेकर जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत कर डाली। शिकायत के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया और विभागीय अधिकारियों को भेजकर स्कूल को बंद करवाया गया और संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि बगैर मान्यता के विद्यालय का उदघाटन भी कर दिया गया। हालांकि स्कूल संचालक ने मान्यता हेतु फाइल लगा रखी है लेकिन अभी तक मान्यता नहीं मिली है। स्कूल की मान्यता से पहले ही संचालक की और से नियमों को ताक पर रखते हुए 9 जून को स्कूल का उद्घाटन भी कर दिया गया और स्कूल में कक्षाएं भी शुरू कर दी गई।

**संचालक बोलें-** स्कूल निदेशक भागीरथ चौधरी ने बताया कि 8वीं की मान्यता हेतु फाइल लगा रखी है और जल्द मान्यता मिल जाएगी।

**कारण बताओ नोटिस दिया-** इस पूरे मामले में शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रावतसर के वाइस प्रिंसिपल जोगाराम सारण व पीइइओ पुष्पा चौधरी ने स्कूल का सघन निरीक्षण किया और स्कूल संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। और स्कूल संचालक को हिदायत दी कि जब तक मान्यता प्राप्त नहीं होती है तब तक बच्चों को विद्यालय में प्रवेश नहीं दे और स्कूल बंद रखे।

---

## छोटे एवं मध्यम उद्योगों को मजबूती प्रदान करेगा बजट



» जागरूक जनता @ अन्तरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष आर.के. मित्तल ने बताया कि केंद्रीय बजट 2024 दीर्घकालिक सामाजिक ढांचे के विकाश के प्रति एक प्रगतिशील और संतुलित बजट है बजट में मुख्यत युवाओं को रोजगार के लिए कौशल प्रदान करना है एमएसएमई क्षेत्र में मशीन एवं अन्य उपकरणों हेतु बिना किसी गारंटी के 100 करोड़ का आवंटन भी छोटे एवं मध्यम उद्योगों को मजबूती प्रदान करेगा यह बजट महिलाओं और युवाओं, रोजगार और कौशल, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित है अर्बन हाट की योजना हमारे देश के किसानों को अपना माल सीधे उपभोक्ताओं को बेचने के लिए प्रोत्साहित करेगी इस बजट में बिहार एवं आंध्र प्रदेश सरकार को खुश करने के लिए भी कई नई परियाजनाओ का प्रावधान किया गया है किराए के आवास को बढ़ावा देने के लिए की गई पहल, श्रमिकों के लिए छात्रावास शैली के किराए के आवास का निर्माण देश में बढ़ती किराए के आवास की मांग का प्रतीक है। बजट स्वागत योग्य है ।

## स्व-कब्जे वाले संपत्ति ऋण पर ब्याज पर कर छूट 5 लाख रूपए किये जाए



» जागरूक जनता @ अशोक पाटनी, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल, (नरेडको) राजस्थान ने बजट 2024 में माँग करते हुए बताया कि आवास की मांग को बढ़ाने के लिए स्व-कब्जे वाले संपत्ति ऋण पर ब्याज पर कर छूट को 2 लाख रुपए की मौजूदा सीमा से बढ़ाकर 5 लाख किया जाये। किफायती व सस्ते आवास की आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए सरकार से कर प्रोत्साहन की मांग की। पाटनी ने यह भी सिफारिश की है कि सरकार अफोर्डेबल और मिड-हाउसिंग (SWAMIH) फंड के लिए विशेष विंडो की दूसरी किश्त जारी करे। पाटनी ने कहा कि आयकर अधिनियम की धारा 24 के तहत, स्व-कब्जे वाली संपत्ति के लिए ऋण पर ब्याज पर कटौती 2 लाख तक सीमित है। उपाध्यक्ष, नरेडको राजस्थान ने एक बयान में कहा, "संपत्ति की बढ़ती कीमतों और ब्याज दरों को देखते हुए, NAREDCO ने इस सीमा को कम से कम 5 लाख रुपए तक बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है।"इसके अतिरिक्त, धारा 71 के तहत अन्य आय मदों के मुकाबले गृह संपत्ति के नुकसान की भरपाई करने की वर्तमान सीमा 2 लाख रुपए है, जिसे उस उद्योग के लिए हतोत्साहित करने वाला माना जाता है जहां किराये की आय एक प्रमुख स्रोत है। नरेडको ने इस सीमा को हटाने या इसे बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने की सिफारिश की है।

---

## न्युवोको विस्टास ने काँक्रीटो यूनो किया लॉन्च

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने काँक्रीटो यूनो हाइड्रोफोबिक काँक्रीट लॉन्च किया, जो कंस्ट्रक्शन मटेरियल इंडस्ट्री में एक बड़ी सफलता है। अपने एडवांस्ड हाइड्रोफोबिक गुणों के साथ इनोवेटिव डैम्प-लॉक फॉर्मूला के साथ, यह खास और अनूठा काँक्रीट कंस्ट्रक्शन स्टैंडर्ड्स को फिर से डिफाइन करता है। काँक्रीटो यूनो हाइड्रोफोबिक काँक्रीट में एडमिक्चर्स के ब्लेंड्स का एक खास अनूठा मिक्स है, जिसमें एक स्पेशल मिक्स डिजाइन है, जो काँक्रीट के भीतर गांठों के गठन को रोकता है, जिसके परिणामस्वरूप स्टैंडर्ड-ग्रेड काँक्रीट की तुलना में जल रिसाव की संभावना न्यूनतम हो जाती है। यह वाटरप्रूफ काँक्रीट स्ट्रक्चर्स की ओवरऑल मजबूती और ड्यूरेबिलिटी को बढ़ाता है, जिससे उनका जीवनकाल काफी बढ़ जाता है। प्रशांत झा, चीफ रेडी-मिक्स काँक्रीट और मॉडर्न बिल्डिंग मटेरियल ऑफिसर, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि काँक्रीटो यूनो हाइड्रोफोबिक काँक्रीट बिल्डिंग मटेरियल इंडस्ट्री में एक गेम-चेंजिंग काँक्रीट है। इसके साथ ही ये स्ट्रक्चर्स की लंबे समय तक बनाए रखने की क्षमता और खूबसूरती को बढ़ाता हैं। साथ ही, यह सस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन प्रक्रियाओं की ओर एक कदम है, जो स्ट्रक्चर्स को हर तरह के कठोर मौसम की स्थिति का सामना करने में सक्षम बनाता है। चिराग शाह, हेड, मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस ने कहा कि काँक्रीटो यूनो हाइड्रोफोबिक काँक्रीट बिल्डिंग मटेरियल में इनोवेशन और एक्सीलेंस के लिए हमारे अभियान का एक प्रमाण है। डैम्प-लॉक फॉर्मूला के साथ अत्याधुनिक हाइड्रोफोबिक तकनीक को इंटीग्रेट करके, हम न केवल जल रिसाव की चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं, बल्कि कंस्ट्रक्शन स्टैंर्ड्डस को भी नए शिखर प्रदान कर रहे हैं।

---

## यू ई एम यूनिवर्सिटी में कॉग्निटिव और क्लॉउड कंप्यूटिंग पर दो दिवसीय अन्तराष्ट्रीय सम्मलेन 1 से

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग के सानिध्य में कॉग्निटिव और क्लाउड कंप्यूटिंग पर दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन (ICxCom) 1-2 अगस्त, 2024 को आयोजित होने जा रहा है, जिसमें विशेषज्ञ, शिक्षाविद और उद्योग के पेशेवर एकत्र होंगे ताकि उन्हें कॉग्निटिव और क्लाउड कंप्यूटिंग के नवीनतम उन्नतियों की गहराई समझाई जा सके। यह दो दिवसीय आयोजन सोचने, गणने और व्यापार के संघटन, कंप्यूटेशन, और व्यवसाय के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें Big डेटा, आईओटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, और कोग्निटिव विज्ञानों पर ध्यान दिया जाएगा। यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर विभाग कि सहायक प्रोफेसर ज्योति खंडेलवाल ने बताया की पहले दिन का कार्यक्रम उद्घाटन समारोह से शुरू होगा, जिसके बाद आदर्श वक्ताओं द्वारा की गई की-नोट प्रस्तुत होगी, जिनमें IIT खड़गपुर से प्रो. (डॉ.) सौम्य कांति घोष, शिक्षा और शिक्षाविद-भारत-SAS के मुख्य Subham चैटर्जी, T-Hub, हैदराबाद से तकनीकी स्टार्टअप्स के मेंटर Mr. Sunil David, बर्ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा, झारखंड से प्रो. (डॉ.) चिन्मय चक्रवर्ती, सक्सेसिव टेक्नोलॉजीज के मुख्य रणनीति अधिकारी, नई दिल्ली से Mr. गौरव मलिक और राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला, गड़ांकी, भारत से Mr. M. दुर्गा राव शामिल होंगे। दोपहर में एक समवर्ती पेपर प्रस्तुत करने की सेशन होगी, जिसमें उच्चतम-गुणवत्ता वाले अनुसंधान और नवाचारी अनुप्रयोगों का प्रदर्शन किया जाएगा।

सम्मेलन के दूसरे दिन और तकनीकी सत्रों के साथ जारी रहेगा, और गहरी चर्चाओं और नेटवर्किंग के और अवसर प्रदान करेगा। सम्मेलन का उद्देश्य सहयोग और ज्ञान साझा करने में योगदान करना है, जो कॉग्निटिव और क्लाउड कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियों के विकास में मदद करेगा।

---

### फोटो अपलोड करते ही मिलेगी अपराधी की जानकारी

» जागरूक जनता @ झुंझुनूं। अपराधियों की धरपकड़ और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। राजकॉप ऑफिशियल ऐप में फोटो मैचिंग ऐप्लिकेशन से किसी भी व्यक्ति का फोटो अपलोड करते ही राज्यभर के उससे मिलते-जुलते व्यक्ति का नाम-पता, संपूर्ण ब्योरा और आपराधिक कुंडली खुल जाएगी।

---

## विश्व हिंदू परिषद धूमधाम से मनायेगा स्थापना दिवस



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं।** विश्व हिंदू परिषद प्रखंड बैठक का आयोजन जयपुर रोड स्थित राजविलास गार्डन में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में बजरंग दल के प्रात संयोजक श्री प्रेम सिंह राजावत ने संबोधित किया बताया कि विश्व हिंदू परिषद सभी वर्गो को साथ लेकर चलता है बिना किसी भेदभाव के और सेवा व समरसता का भाव रखते हुए समाज के सभी वर्गो को अपने साथ रखता है, उन्होंने संगठन की रूपरेखा विस्तृत जानकारी दी। विभाग मंत्री परमजीत जी ने बूढ़ा अमरनाथ यात्रा पर प्रकाश डाला तथा उसकी जानकारी दी। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने की ।उन्होंने कहा की सेवा बस्ती में भी विश्व हिंदू परिषद का कार्य का विस्तार होना चाहिए। प्रखंड मंत्री एडवोकेट जितेंद्र सिंह बिजावत ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद का षष्ठीपूर्ति स्थापना दिवस जन्माष्टमी के दिन मनाया जाएगा ।विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 1964 को जन्माष्टमी के दिन हुई थी जिसके 60 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं इस अवसर पर बैठक में स्थापना दिवस को बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया व घर घर दीप जलाए जाने का कार्यक्रम रख ने का निर्णय लिया एवं प्रखंड स्तर पर एक बड़ा कार्यक्रम रखने की योजना बनाई गई इसके साथ ही नगर में जगह-जगह सत्संग कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसका संचालन मातृ शक्ति द्वारा किया जाएगा। बजरंग दल द्वारा मिलन में बलो उपासना केंद्र चलने का निर्णय लिया गया। बैठक को जिला सह मंत्री राजेश यादव ने भी संबोधित इस अवसर पर सत्संग प्रमुख योगेंद्र पाराशर, कोषाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, मातृशक्ति संयोजिका नेहा शर्मा, मातृशक्ति सह संयोजिका पूनम शर्मा, रक्षा प्रमुख नीरू कुमावत, प्रचार प्रसार प्रमुख गोविंद पारीक, बजरंग दल विस्तारक चम्पेश्वर, सह मंत्री डॉक्टर सीताराम कुमावत, बजरंग दल संयोजक मनीष गवारिया, सहसंयोजक समीर चौधरी आदि कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

---

# स्कूल पैदल जाने की जरूरत नहीं

घर से स्कूल की दूरी पांच किलोमीटर या अधिक है तो मिलेगी राशि

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बूंदी।** नया शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ ही स्कूल शिक्षा परिषद ने ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। राज्य में ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों मे पढ़ने वाली 9वीं और 10वीं कक्षा की 21234 छात्राओं को स्कूल आने-जाने के लिए प्रतिदिन उपस्थिति के आधार पर 20 रुपए ट्रांसपोर्ट वाउचर सुविधा से लाभान्वित किया जाएगा। घर से स्कूल की दूरी पांच किलोमीटर या इससे अधिक है तो छात्राओं को पैदल जाने की जरूरत नहीं है। उनको स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से ट्रांसपोर्ट वाउचर दिए जाएंगे, जिसके तहत 10 से 20 रुपए रोजाना मिलेंगे।

### गांवों की छात्राओं को मिलेगा लाभ

**ट्रांसफर** वाउचर योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में पढने वाली उन्हीं बालिकों को मिलेगा, जिनके स्कूल की दूरी घर से 5 किलोमीटर से अधिक है। शिविरा पंचांग के कार्य दिवसों की गणना के आधार पर ट्रांसपोर्ट वाउचर की राशि स्वीकृत की जाएगी। संस्था प्रधानों को पात्र छात्राओं की वास्तविक उपस्थिति की गणना करनी होगी। इस योजना का लाभ मॉडल स्कूलों में पढने वाली बालिकाओं को भी मिलेगा। कक्षा 11वीं, 12वीं की बालिकाओं के लिए ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना का प्रावधान स्वीकृत नहीं किया है। वहीं शहरी क्षेत्र में यह योजना नहीं है। योजना का फायदा यह होगा कि स्कूलों में नामांकन बढ़ेगा।

### पहली से 8वीं के छात्र भी पात्र

ग्रामीण क्षेत्र की सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं दोनों को ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना से लाभान्वित किया जाएगा। विद्यालय की घर से दूरी के आधार पर राशि तय की गई है। पहली से पांचवी में एक किलोमीटर, छठी से आठवीं में दो किलोमीटर की दूरी होने पर पात्र विद्यार्थियों को प्रतिदिन 10 से 15 रुपए वाउचर दिया जाएगा। पूरे सत्र में इन कक्षाओं के पात्र विद्यार्थियों को अधिकतम 3 हजार स्वीकृत होंगे।

### यह मिलेगी राशि

कक्षा एक से पांच तक के बालक-बालिकाएं जिनका घर स्कूल से एक किमी से अधिक दूरी पर है उन्हें 10 रुपए, कक्षा छह से आठ तक के बालक-बालिकाए जिनका घर स्कूल से दो किमी से अधिक दूरी पर. 15 रुपए, कक्षा छह से आठ तक स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कल की बालिकाएं जिनका घर दो किमी की दूरी पर 15 रुपए, कक्षा नवमीं व दसवीं की वह बालिकाएं जिनका घर स्कूल से 5 किमी की दूरी पर 20 रुपए तथा स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल की बालिकाएं जिनका घर स्कूल से पांच किमी की दूरी पर उन्हें 20 रुपए दिए जाएंगे। जिले में कक्षा एक से 8 तक में 9237 विद्यार्थी, कक्षा 9 से 10 तक 302 विद्यार्थियों का इस योजना में लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य है।

---

## घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................

पता : ....................

फोन .................... पिन कोड

राशि (रुपए) .................... बैंक का नाम ....................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26


### साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब, ब्लॉकचेन एक्सपीरियंस सेंटर और बिहेवियरल लैब का उद्घाटन

# युवाओं के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करा रही है राज्य सरकार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न नवाचारों के माध्यम से युवाओं के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी में विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। ब्लॉकचेन, बिहेवियरल साइंस, साइबर सिक्योरिटी जैसी आधुनिकतम प्रौद्योगिकी को अपनाने में राजस्थान अग्रणी है और इन तकनीकों के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन के अनेक अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।



सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ मंगलवार को राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आर-कैट) परिसर में बिहेवियरल लैब, साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब और ब्लॉकचेन एक्सपीरियंस सेंटर के उद्घाटन समारोह को अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में शासन का पारदर्शी और समावेशी होना जरूरी है और तकनीक के माध्यम से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बिहेवियरल लैब, साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब और ब्लॉकचेन एक्सपीरियंस सेंटर जैसे नवाचारों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान सूचना प्रौद्योगिकी के मामले में अन्य राज्यों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे आगे आएं और 'नए राजस्थान' की परिकल्पना को साकार करें। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की शासन सचिव सुश्री आरती डोगरा और आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह भी उपस्थित थे।

#### साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब का उद्घाटन

कर्नल राठौड़ ने राज्य की डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से तैयार साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब (साइबर रेंज) का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान राजकीय डोमेन में अपनी तरह की पहली साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब सुविधा स्थापित करने वाला अग्रणी प्रदेश है। वास्तविक दुनिया के साइबर खतरों का पता लगाने के लिए डिजाइन की गई यह सिमुलेशन लैब साइबर हमलों को रोकने अथवा कम करने के लिए आवश्यक कौशल देगी। यह लैब महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के साथ संवेदनशील डेटा की सुरक्षा करने की राज्य की क्षमता को भी बढ़ाएगी। यह लैब राज्य के भीतर साइबर सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स की भी मदद करेगी।

#### ब्लॉकचेन एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री ने प्रदेश के विद्यार्थियों, स्टार्टअप्स और अन्य हितधारकों को ब्लॉकचेन तकनीक से सीधे जोड़ने के उद्देश्य से तैयार ब्लॉकचेन एक्सपीरियंस सेंटर का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार हमेशा से ई-गवर्नेंस सेवा वितरण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नवीन तकनीकों को अपनाने में अग्रणी रही है।

### राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल कलराज मिश्र का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

# संविधान का आरंभ ही, 'हम भारत के लोग' से होता है



#### राज्यपाल कलराज मिश्र का पांच वर्ष का कार्यकाल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हेतु "कुलाधिपति" पुरस्कार प्रारंभ किया

#### राजभवन में देश का पहला संविधान पार्क बना

#### सभी 50 जिलों में रेडक्रॉस शाखाएं गठित हुई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि राजस्थान में रहने के दौरान यहां के लोगों से मिले प्यार और अपनत्व को वह कभी भुला नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष के अपने कार्यकाल में जनता का जो विश्वास और भरपूर स्नेह मिला, उसी से वह राजभवन में बहुत कुछ नया कर सके।

राज्यपाल मिश्र ने राजस्थान के राज्यपाल के रूप में अपने पांच वर्ष पूर्ण होने पर राजभवन के दरबार हॉल में अपने सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में भावुक होते हुए कहा कि उन्हें विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की सभी प्रमुख संवैधानिक संस्थाओं में कार्य करने का अवसर मिला पर राज्यपाल के रूप में सार्वजनिक जीवन में संविधान संस्कृति के लिए जो कार्य किया वह महत्वपूर्ण मानता हूं। उन्होंने कहा कि मैंने यह तय किया कि संविधान प्रमुख रहते हुए संविधान जागरूकता के लिए कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि हमारे यहां सामूहिक भाव का महत्व है। संविधान का आरंभ ही, "हम भारत के लोग" से होता है। उन्होंने कहा कि मूल संविधान भारतीय सभ्यता और संस्कृति से ओतप्रोत है। मैंने इस संविधान को धरती पर उतारने का प्रयास किया। राजभवन में देश का पहला संविधान पार्क निर्मित करने की पहल हुई। अपने सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों से पूर्व संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों के वाचन की पहल की। विधानसभा में अभिभाषण से पहले संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों के वाचन का सूत्रपात किया। विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क निर्मित करवाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में 'च्वाईस बेस्ड सिस्टम' लागू करने और सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय को 'कुलाधिपति पुरस्कार' प्रदान करने की पहल की गई। मासिक प्रतिवेदन के आधार पर विश्वविद्यालयों का नियमित मूल्यांकन भी राजभवन स्तर पर सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोहों को प्रति वर्ष आयोजित कर समय पर विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने की ऐतिहासिक पहल हुई। गांव गोद लेकर उनके विकास की पहल की गयी, जनजातीय क्षेत्रों में विकास को गति दी गई।

मिश्र ने कहा कि राज्यपाल राहत कोष का पूरी तरह से डिजीटलाईजेशन कर इसके बैंक खाते में ऑनलाईन दान राशि जमा करवाने की सुविधा सॉफ्टवेयर बना कर उपलब्ध करवाई गयी। सैनिक कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रदेश में संचालित समस्त 'युद्ध विधवा छात्रावास एवं पुनर्वास केन्द्रों' का नाम परिवर्तन कर 'वीरांगना छात्रावास एवं पुनर्वास केन्द्र' करने के साथ ही 'वीरांगना पहचान पत्र' की तर्ज पर शहीद की माता को ''वीर माता पहचान पत्र'' तथा शहीद के पिता को ''वीर पिता पहचान पत्र'' जारी करने का महत्वपूर्ण निर्णय भी राजभवन की पहल पर किया गया।

### राजस्थान सरकार का बड़ा फैसला

# स्कूलों में धारा-370 हटने की सालगिरह पर मनेगा जश्न

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने और राज्य के स्कूलों में सावरकर जयंती मनाने का फैसला किया है। राज्य के सरकारी स्कूलों के वार्षिक कैलेंडर में उल्लेख किया गया है कि 5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के दिन को राजस्थान के सरकारी स्कूलों में "स्वर्ण मुकुट मस्तक दिवस" के रूप में मनाया जाएगा। इसे स्कूलों में विभिन्न सह-पाठयक्रम गतिविधियों के साथ एक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा जारी शिविरा पंचांग में 28 मई को स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की जयंती को वीर सावरकर जयंती के रूप में मनाने का भी उल्लेख किया गया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि इसे कैसे मनाया जाएगा क्योंकि 28 मई को गर्मी की छुट्टियों के कारण स्कूल बंद रहेंगे।

#### 7 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती

वहीं 4 फरवरी को सूर्य नामस्कार दिवस, 7 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती, 14 फरवरी को मातृ दिवस-पिता दिवस भी शामिल है। वहीं सुभाष चंद्र बोस दी की जयंती या देश प्रेम दिवस 23 जनवरी को मनाया जाएगा। नया स्कूल सत्र 1 जुलाई 2025 से शुरू होगा। यह शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सरकारी और निजी दोनों स्कूलों पर लागू होता है। निजी स्कूल आमतौर पर 1 अप्रैल से अपना सत्र शुरू करते हैं। लेकिन इस साल सरकारी स्कूल 1 जुलाई से शुरू होंगे। शिक्षा निदेशक आशीष मोदी के अनुसार साल में सिर्फ 213 दिन ही स्कूल खुलेंगे। त्योहारों और अन्य कारणों से रविवार समेत 152 दिन छुट्टियां रहेंगी। प्रदेशभर में स्कूल सत्र 1 जुलाई से शुरू हो गया है।

#### कांग्रेस ने किया विरोध

वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने स्कूलों में अनुच्छेद 370 को हटाए जाने का जश्न मनाने के बीजेपी सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए इसे बेशर्मी बताया है। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस शिक्षा के इस राजनीतिकरण और हमारे छात्रों पर विभाजनकारी विचारधारा थोपने का विरोध करती है। राज्य अभिभावक संघ ने भी कैलेंडर की आलोचना की है। बीजेपी विधायक बाल मुकुंदाचार्य ने कहा कि स्कूलों में ऐसे विशेष दिवस मनाना सरकार का स्वागत योग्य कदम है, क्योंकि ये ऐतिहासिक घटनाएं हैं और न केवल बच्चों को बल्कि सभी को इसे मनाना चाहिए।

### संसद सत्र : जाति जनगणना को लेकर अनुराग ठाकुर और राहुल गांधी के बीच तीखी बहस

# 'जिनकी जाति का पता नहीं, वो...', बोले अनुराग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** संसद में बजट पर चर्चा चल रही है। इस दौरान बीजेपी के सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की जाति पूछ ली। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिनकी जाति का पता नहीं वो जाति जनगणना की बात करते हैं। अनुराग ठाकुर के इस बयान से विपक्षी सांसद बेहद नाराज होकर हंगामा करने लगे। हालांकि अनुराग ठाकुर ने अपने बचाव में कहा कि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।



राहुल गांधी ने इसके जवाब में कहा कि जो भी इस देश में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की बात करता है उसे गाली खानी पड़ती है। मैं ये गालियां खुशी से खाऊंगा। महाभारत की बात हुई तो महाभारत में अर्जुन को मछली की आंख दिख रही थी, मुझे भी मछली की आंख दिख रही है। जाति जनगणना हम करा कर रहेंगे। अनुराग ठाकुर ने मुझे गाली दी है। मेरी बेइज्जती की है, लेकिन में उनसे माफी की मांग नहीं करता हूं। मैं लड़ाई लड़ रहा हूं और मुझे उनसे माफी की कोई जरूरत नहीं है। वहीं, अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्व मंत्री हैं, बड़े दल के नेता हैं। शकुनी, दुर्योधन तक ये ले आए, लेकिन आप जाति कैसे पूछ सकते हैं। जाति नहीं पूछ सकते हैं।

#### ओबीसी पर ठाकुर ने राहुल को घेरा

**हमीरपुर** से बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के लिए ओबीसी का मतलब सिर्फ ऑनली फॉर ब्रदर इन लॉ कमीशन है। पहले तो इन्हें एलओपी का मतलब समझना होगा। लीडर ऑफ प्रोपेगेंडा नहीं बनना है, वो लीडर ऑफ अपोजीशन हैं। उन्होंने आगे कहा, "ओबीसी और जनगणना की बहुत बात की जाती है। जिसकी जाति का पता नहीं वो गणना की बात करता है। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि इसी सदन के अंदर एक पूर्व प्रधानमंत्री आरजी 1 (राजीव गांधी) ने ओबीसी को आरक्षण देने का विरोध किया था।"

#### अनुराग ठाकुर के इस बयान पर सदन में हुआ जमकर हंगामा

**अनुराग** ठाकुर के इतना बोलने के बाद ही सदन में हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष के सांसदों ने माफी मांगने की बात कही। इसके बाद स्पीकर ने राहुल गांधी को बोलने का मौका दिया। उन्होंने कहा, "आप लोगों को जितनी इंसल्ट करनी है करिए लेकिन जाति जनगणना करानी ही पड़ेगी।"


HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

- मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
- सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
- असाध्य घाव/शुगर के घाव
- कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
- अचानक बहरापन (Hearing Loss)
- डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव


अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in








संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## बारिश के इंतजार में रेगिस्तान का जहाज़



» जागरूक जनता @ रावतसर। क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी का कहर जारी है और किसानों व पशुओं को अभी तक बरसात का इंतजार है ऐसे में चारे व पानी का संकट गहरा गया है राज्य पशु ऊंट भी भटक रहा है। रावतसर में रेत के टीले पर आसमान की तरफ नजरें उठाकर बारिश का इंतजार करता रेगिस्तान के जहाज का झुंड @ डालू जाखड़।

# शुद्ध पेयजल आपूर्ति एवं डीएमएफटी के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देश पर मंगलवार को अति कलक्टर सुरेंद्र सिंह पुरोहित के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभागीय कार्यों, डीएमएफटी के अंतर्गत कार्यों, भूमि आवंटन आदि की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए। अति कलक्टर ने जिला कलक्टर के दिये निर्देशानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम के आवंटित लक्ष्यों के अनुसार पौधारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लाइट्स पोर्टल पर डाटा अपडेट करने, लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को मानसून के दौरान शुद्ध पेयजल आपूर्ति पर विशेष ध्यान रखना पेयजल से संबंधित प्राप्त शिकायतों को तुरन्त निस्तारण करने, विभिन्न विभागों में डीएमएफटी के तहत चल रहे कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सीएमएचओ को जिले में संचालित प्रत्येक चिकित्सालय और स्वास्थ्य केन्द्र पर मौसमी बिमारियों की रोकथाम के लिये औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये कहा। अति कलक्टर ने विभिन्न विभागो के अधिकारियों से ई-फाइल के बारे में जानकारी लेते हुए ई-फाइलो एवं ई डाक की पेंडेंसी पूर्ण करने, संपर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों को समय रहते निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अति मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, आयुक्त रविंद्र सिंह यादव, पीएचईडी अधीक्षण अभियंता, कृषि, समाज कल्याण विभाग, राजीविका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पौधा रोपण के बाद संरक्षण करना जरूरी

### समाजसेवी राकेश बोहरा पौधा रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमू।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चितवाडी में मंगलवार को द रक्षा फाउंडेशन के तत्वावधान में "एक-एक पौधा लगाएं अभियान" के दौरान पौधा रोपण कर नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। द रक्षा फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश बोहरा ने बताया कि पेड़-पौधे जीवन का आधार है इनके बिना जीवन की परिकल्पना नहीं की जाती। इसलिए वर्षा ऋतु में सभी नागरिकों को अपने घर-आंगन एवं आसपास में पौधा रोपण कर पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधा रोपण कर उसकी देखरेख की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है ताकि पौधा आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे सके। इस दौरान कुल 40 पौधे लगाए गए। साथ ही स्थानीय समाज सेवी गोपाल पिपलोदा को पौधे की नियमित देखरेख की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर तेजाजी के पुजारी रोहिताश शर्मा, द रक्षा फाउंडेशन अध्यक्ष राकेश बोहरा, समाज सेवी पीगोपाल पिपलोदा, तेजाजी भगत दिनेश पिपलोदा, मालीराम देवंदा, राजेश डागर, छोटू राम, विष्णु, बिल्लू आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### पीपाड़ फोटोग्राफर एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

# जोधपुर फोटोग्राफर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और सचिव का चुनाव 2 को



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** जोधपुर फोटोग्राफर एसोसिएशन के चुनाव में भागीदारी निभाने हेतु बैठक पीपाड़ शहर में आयोजित की गई। बैठक में सीनियर फोटोग्राफर और शहर के रजिस्टर्ड फोटोग्राफर शामिल हुए। सभी ने एक राय होकर 2 अगस्त 2024 को वोटिंग द्वारा नए उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार अर्जुन सिंह भाटी और सचिव प्रवीण शर्मा को बनाने का निर्णय लिया। इस दौरान उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार भाटी ने बताया की वोट 2 अगस्त को जोधपुर के बी रोड़ पर स्थित आर्य समाज भवन में सुबह दस बजे से शुरू होकर सांय 4 बजे तक होंगे। उन्होंने सभी फोटोग्राफर से ज्यादा से ज्यादा अपने पक्ष में वोट और सहयोग देने की अपील की।

# पुत्र के जन्मदिन पर पौधारोपण कर गौवंश को खिलया हरा चारा व लापसी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ रोड़।** पीपाड़ रोड़ महिला मित्र मंडली की अध्यक्ष सुमन देवड़ा ने अपने पुत्र के जन्म दिवस पर अपने गांव की गौशाला में जाकर एक क्विंटल की लापसी गायों हेतु बनाई व "मुख्यमंत्री वृक्षारोपण कार्यक्रम"के तहत एक "पेड़ देश के नाम अभियान" कि मुहिम पर 21 पौधे ग्रामीण इलाकों में लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंडली की उपाध्यक्ष नीतू मारोटिया ने बताया कि इस भीषण गर्मियों के दौरान सुमन ने गांव में पक्षी घर व परिंदे भी लगाये है सुमन ने गौ वंश को लापसी और हराचारा खिलाते हुए युवाओं से अपील की अपने जन्मदिन पर फिजूल खर्चा नहीं करे। उन्होंने कहा कि जन्मदिन पर हजारों रूपये पार्टी पर खर्च करने की जगह गौ वंश के लिए दान करना चाहिए। इससे पशुओं को भोजन मिलता है एवं हमें पुण्य प्राप्त होता है। सरपंच आनंद कंवर ने इस बात की सराहना करते हुए बताया है कि सुमन देवड़ा गांव के हर धार्मिक व सामाजिक कार्य में अग्रणी महिला है हमेशा गौ सेवा व समाज सेवा में सबको प्रेरित करती रहती है।

### बगराना के बाद जगतपुरा में जिला प्रशासन की एक और बड़ी सफलता

# जिला प्रशासन ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंपी 10 बीघा जमीन

**जगतपुरा क्षेत्र के एयरपोर्ट एरिया में आ रही संरचनाएं की धवस्त**

**न्यायालय के निर्देशों की अनुपालना में कार्रवाई को दिया गया अंजाम**

**9 साल पहले अवाप्त की गई थी मनोहरपुरा की जमीन**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जिला प्रशासन ने न्यायालय की अनुपालना में जगतपुरा क्षेत्र के मनोहरपुरा के एयरपोर्ट एरिया में 30 से ज्यादा संरचनाएं हटाकर अवाप्तशुदा 10 बीघा से अधिक भूमि एयरपोर्ट अथॉरिटी को सुपुर्द कर दी है। जगतपुरा के पास मनोहरपुरा गांव की ये जमीन 9 साल पहले अवाप्त की गई थी, जिसके बाद से इसका मामला न्यायालय में विचाराधीन था।

जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि साल 2015 में यह भूमि एयरपोर्ट अथॉरिटी ने अवाप्त की थी। जिसके बाद भूमि अवाप्ति के मामले में कुछ खातेदारों और प्रभावितों द्वारा दायर याचिका पर माननीय न्यायालय ने यथास्थिति के आदेश जारी किये थे। इस दौरान एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से न्यायालय में अवाप्ति का मुआवजा जमा करवाया गया था जबकि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रभावित भूखंड धारकों को मुआवजे में भूखंड आवंटित किये गए थे।

एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के ऑफिसर इंचार्ज श्री चरण सिंह कहा कि जिला प्रशासन से प्राप्त 10 बीघा जमीन का उपयोग एयरपोर्ट ऑथोरिटी द्वारा एयरक्राफ्ट पार्किंग-बे एवं आइसोलेशन पार्किंग-बे के रूप में किया जाएगा।

भूमि मिलने के बाद जल्द ही इस दिशा में कार्य शुरू किया जाएगा। सांगानेर तहसीलदार अरविंद कविया ने बताया कि कार्यवाही से 2 दिन पूर्व ही प्रभावितों को घर-घर जाकर सूचित कर दिया गया था। जिसके चलते अधिकांश प्रभावितों ने तय समय सीमा से पूर्व ही अपना समान हटा लिया था। रामसिंह कॉलोनी में बने 5 से ज्यादा मकानों को आज तोड़ा गया, जबकि दो दर्जन से ज्यादा कोठरिया, बाउण्ड्रीवाल थी, जिन्हें तोड़ा गया।

उन्होंने बताया कि करीब 10 बीघा जमीन का कब्जा एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंप दिया है। प्रभावितों के स्ट्रक्चर का मुआवजा कोर्ट में जमा है जबकि भूखंड धारकों को जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से पहले ही भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं।

# वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 32वीं बैठक सम्पन्न



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**झालावाड़।** कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 32वीं बैठक डॉ. अभय कुमार व्यास, कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समिति के सचिव एवं केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, डॉ. टी. सी. वर्मा ने सभी सदस्यगणों का स्वागत कर केन्द्र का जुलाई 2023 से जुलाई 2024 का प्रगति प्रतिवेदन एवं वर्ष 2024-25 की कार्य योजना प्रस्तुत की।

केन्द्र द्वारा आयोजित बैठक में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. अभय कुमार व्यास ने केन्द्र द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं उन्हें और अधिक सुदृढ़ करने हेतु किये जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं इन्हें उत्तरोत्तर जारी रखे। केन्द्र के सभी विषय विशेषज्ञ एक टीम भावना से कार्य कर रहे है जो केन्द्र के लिए एक महत्वपूर्ण प्रगति का कदम है। साथ ही बताया कि केन्द्र द्वारा कृषि विवि, कोटा द्वारा विकसित फसलों की नवीन किस्मों का किसानों कर सहभागिता के माध्यम से गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन कर अन्य किसानों के खेतों पर प्रथम पंक्ति प्रदर्शन एवं अन्य संचालित कार्यक्रमों के माध्यम से प्रचार प्रसार करने की पहल करें। कौशल विकास आधारित प्रशिक्षणों को आयोजित करें एवं सम्बन्धित विभागों के विशेषज्ञों का अनुभव भी इन प्रशिक्षणों में शामिल करें। झालावाड़ जिला कृषि एवं उद्यानिकी के परिपेक्ष में काफी सम्पन्न क्षेत्र है। संतरा में अफलन व काली मस्सी की समस्या पर एक ब्रेन स्टोर्मिंग कार्यशाला का आयोजन कर प्राप्त सुझावों के आधार पर कार्य योजना को धरातल पर उतारें। सफल उद्यमियों की कहानियों को प्रचार प्रसारित करें इस हेतु समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, केन्द्र एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अद्यतन करें ताकि अन्य युवा प्रेरित हो सके।

# राजस्व मण्डल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह सेवानिवृत्त

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपर।** राजस्व मण्डल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा में 35 वर्षो का सुदीर्घ सेवाकाल पूर्ण कर मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गये। उत्तर प्रदेश के चन्दौली जिले में जन्में राजेश्वर सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एम.ए.(आधुनिक इतिहास) की उपाधि प्राप्त की है। सिंह पूर्व में उपखण्ड अधिकारी माउण्ट आबू, जिला कलक्टर जालोर एवं जयपुर, संभागीय आयुक्त उदयपुर, भरतपुर एवं जयपुर, प्रमुख शासन सचिव लघु उद्योग, पर्यटन, परिवहन, पशुपालन, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग तथा अध्यक्ष, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम का पदभार सम्भाल चुके हैं। सेवानिवृति के समय सिंह के पास राजस्थान टैक्स बोर्ड एवं राजस्थान गैर कृषि विकास अभिकरण के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त कार्यभार भी था।

अपनी विस्तृत सेवा अवधि में श्री सिंह ने गांधी ग्राम योजना, सहकार ग्राम योजना तथा एक ग्राम चार काम योजनाओं के माध्यम से सर्वतोमुखी ग्रामीण विकास को नवीन जनोन्मुखी आयाम प्रदान किया। एक ग्राम चार काम योजना में राज्य के 13000 गांवों में आदर्श तालाब, चरागाह विकास, श्मशान/कब्रिस्तान विकास एवं खेल मैदान विकास के कार्य स्वीकृत किए गये। इसी प्रकार जयपुर जिले में ग्राम बन्धु योजना तथा जालोर में सम्पूर्ण साक्षरता अभियान का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।




ANCHOR विधानसभा

# पंजीकृत गौशालाओं को देय अनुदान में 10 प्रतिशत वृद्धि

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को विधानसभा में कहा में कहा कि इस वर्ष बजट में गौवंश संरक्षण व संवर्धन की दृष्टि से पंजीकृत गौशालाओं को देय अनुदान में 10 प्रतिशत वृद्धि करने की घोषणा की गई है।

गोपालन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गोपालन कर रहे पशुपालकों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में अनुदान दिया जा रहा है। योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की समस्त पशु चिकित्सा संस्थाओं में निःशुल्क उपचार, शल्य चिकित्सा एवं दवा वितरण किया जा रहा है। पशुपालकों के बीमार पशुओं की निःशुल्क जांच की जा रही है। पशुपालकों को विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रकार किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लिये जाने पर ब्याज पर अनुदान दिया जा रहा है। नस्ल सुधार कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय नस्ल सुधार कार्यक्रम अंतर्गत पशुपालकों को निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा दी जा रही है तथा पशुओं में निःशुल्क टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पशुपालकों को अपनी गायों को प्रदेश व प्रदेश से बाहर ले जाने व लाने के लिए वर्तमान में राजस्थान गौ-वंशीय पशु अधिनियम, 1995 एवं तथा राजस्थान गौ-वंशीय पशु अधिनियम, 2018 बने हुए हैं, जिनमें गौवंश के परिवहन हेतु विस्तृत नियम और दिशा-निर्देश दिये गये हैं। इन नियमों का पालन करते हुए कोई भी पशुपालक अपने गौवंश को प्रदेश और अन्य प्रदेश में आदान-प्रदान अथवा परिवहन कर सकता है। उन्होंने कहा कि गोवंश के परिवहन में किसी प्रकार की समस्या आने पर प्रशासन व पुलिस की भी मदद ली जा सकती है।

इससे पहले विधायक रतन देवासी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में गोपालन मंत्री ने बताया कि गौशालाओं/कांजी हाउस में संधारित गौवंश को भरण पोषण हेतु वर्तमान में बड़े गौवंश हेतु 40 रूपये तथा छोटे गौवंश हेतु 20 रूपये प्रति गौवंश प्रति दिन की दर से सहायता राशि 270 दिवस की दिये जाने का प्रावधान है।

अरबन बैंक निदेशक मंडल की बैठक संपन्न

# शाखाओं में व्यवसाय वृद्धि के लिए ऋणी ग्राहकों व युवाओं के बैंक से हो जुड़ाव



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** अरबन कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक बैंक चेयरमैन डॉ आई एम सेठिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे गांधीनगर स्थित प्रधान कार्यालय निर्माण की कार्यवाही प्रारंभ करने, बेगू शाखा के नवीन परिसर में स्थानांतरण, मुख्य शाखा का नवीनीकरण करने पर विशेष चर्चा कर कार्य योजना बनाने, एनपीए व ओवर ड्यू बकाया की रिकवरी में कठोरता बरतने सहित सभी शाखाओं में व्यवसाय वृद्धि के लिए ऋणी ग्राहकों व युवाओं के बैंक से जुड़ाव के लिए आवश्यक निर्णय किए गए। प्रबंध निदेशक वंदना वजीरानी के अनुसार उपाध्यक्ष शिव नारायण मानधना, निदेशक दिनेश सिसोदिया, राधेश्याम आमेरिया, रणजीत सिंह नाहर, बाबर मल मीणा, कल्याणी दीक्षित, दिप्ती सेठिया, राजेश काबरा, हेमंत शर्मा, नितेश सेठिया, आदित्येंद्र सेठिया के सानिध्य में संपन्न बैठक में 1 करोड़ 35 लाख की ऋण स्वीकृतियां, शाखा वार व्यवसाय वृद्धि, ऋण वितरण अभियान व स्टाफ कार्यकुशलता की समीक्षा की गई। बैठक में प्रधान कार्यालय निर्माण में गांधी नगर शाखा खोलने व ग्राहक सुरक्षा के मद्देनजर विशेष व वृहद लॉकर सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार किया गया। बैंक अध्यक्ष डॉ सेठिया ने निदेशक मंडल को अवगत कराया कि आमसभा में लिए निर्णय के अनुसार सदस्यो को 10 प्रतिशत लाभांश वितरण अगस्त माह में करने, अंशपुंजी 5 करोड़ से 10 करोड़ करने सहित निदेशको के कमेटियों के चेयरमैन मनोनित करने की प्रक्रिया पूरी करने की जानकारी दी। प्रबंध निदेशक वजीरानी ने आमसभा में सदस्य द्वारा प्रदत्त सुझावों के क्रियान्वन की जानकारी दी।



# आक्या के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमण्डल ने की भेंट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**विधायक** चंद्रभान सिंह आक्या के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भेंटकर ऐतिहासिक बजट पर उन्हे बधाई देते हुए विधानसभा क्षेत्र चित्तौडगढ़ को अनेक सौगाते देने पर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक आक्या के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय पर जाकर उनसे भेंट कर प्रदेश को गति प्रदान करने वाले ऐतिहासिक बजट के लिए उन्हे बधाई दी। विधायक आक्या ने मुख्यमंत्री को श्री सांवलियाजी का प्रसाद भेंट करते हुए उन्हे बजट में विधानसभा क्षेत्र कपासन चौराहे से मानपुरा को जोड़ने के लिये हाईलेवल ब्रिज, डेलवास गांव में बेड़च नदी पर पुलिया निर्माण, विधानसभा के नौ मिल चौराहे से बेंगू तक स्टेट हाईवे की स्वीकृति, बस्सी अभयारण्य को ईको ट्यूरिज्म साईट के रूप में विकसित करने, विशेष न्यायिक मजिस्टेऊट न्यायालय खोलने, माही बेसिन से चित्तौडगढ सहित अन्य जिलों के विभिन्न बांधों को भरने के लिए परियोजना स्वीकृति, बनाकिया डेम, सुदृढीकरण की स्वीकृति, दुर्ग पर चतरंग मोरी से गांधीनगर तक रोप वे हेतु डीपीआर की स्वीकृती व म्युजियम के लिये बजट घोषणा सहित अनेक सौगात देने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रवीण सिंह राठौड़, पार्षद पूरणसिंह राणा, अशोक रायका आदि उपस्थित थे।

# सांसद बेनीवाल ने संसद में उठाई किसानों की पीड़ा

**क्रूड ऑयल दोहन प्रक्रिया से निकलने वाले पदार्थों से किसानों की जमीनें हो र वोही है बंजर हो रही - सांसद बेनीवाल**

**कंपनियां अपशिष्ट पदार्थों से वातावरण दूषित कर किसानों की जमीनें बंजर,आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**रावतसर।** मंगलवार को बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने लोकसभा सदन में शून्यकाल के दौरान बाड़मेर संसदीय क्षेत्र में केयर्न, वेदांता द्वारा मंगला प्रॉसेसिंग टर्मिनल के आसपास क्षेत्रों में क्रूड ऑयल दोहन की प्रक्रिया के दौरान निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों का तय मानकों द्वारा उचित तरीके से निस्तारण नहीं होने व रसायन युक्त गंदा पानी बोरवेल द्वारा जमीन में डालने की वजह से आसपास क्षेत्र में भू जल दूषित हो रहा हैं, उन्होंने बताया कि किसानों के कृषि कुओं में रसायन युक्त बदबूदार गंदा पानी आता है जिससे किसानों के जमीनें बंजर होती जा रही हैं और आमजन, पशु, पक्षियों, मवेशियों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता जा रहा हैं।

सांसद बेनीवाल ने मामला उठाते हुए कहा कि रसायन युक्त गंदा पानी बोरवेल द्वारा जमीन में डालने की वजह से आसपास क्षेत्र में भू जल दूषित हो रहा हैं, जिससे किसानों के कृषि कुओं में रसायन युक्त बदबूदार गंदा पानी आता है जिससे किसानों के जमीनें बंजर होती जा रही हैं और आमजन, पशु, पक्षियों, मवेशियों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता जा रहा हैं और न स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाता हैं सिर्फ उनको इन कंपनियों से स्वास्थ्य के खिलवाड़, क्रूड ऑयल के दोहन के दौरान विस्फोट से भूकंप के झटकों से मकानों, पानी के टांको में दरारें पड़ने, दूषित रासायनिक युक्त पानी से कृषि भूमि बंजर होने का नुकसान झेल रहे हैं। बेनीवाल ने कहा कि इस संबंध में किसानों द्वारा कई बार स्थानीय प्रशासन और कंपनी अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका हैं लेकिन हर बार किसानों को झूठे आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन आज दिन तक इस गंभीर समस्या का कोई समाधान नहीं निकला है। बेनीवाल ने इस गंभीर मामले की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कर मांग करते हुए कहा कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर जांच दल भेजकर उनसे जांच रिपोर्ट मँगवाकर उचित कार्रवाई करवाई जाएं।

# लायंस क्लब ने किया वृक्षारोपण का आगाज



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** लायंस क्लब ने शहर के समीपस्थ ग्राम चित्तोड़ी खेड़ा की राउप्रावि में एक वर्ष से अधिक के विकसित 31 पौधों का सघन पौधारोपण कर क्लब के सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की। क्लब सचिव सत्यनारायण बंसल ने बताया कि इस विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश नुवाल, सम्पूर्ण स्टाफ व छात्र व छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। बसंती लाल वैद ने कहा कि लायंस क्लब इसी तरह अन्य संस्थाओ में भी सघन वृक्षारोपण करेगा व एक साल बाद इन सभी पौधों का निरिक्षण कर अच्छी तरह से पौधों कि देखभाल करने पर प्रत्येक संस्था से 5-5 व्यक्तियों को लायंस पर्यावरण मित्र अवार्ड से सम्मानित करेगा। कार्यक्रम का संचालन अशोक सोनी। इस अवसर पर एस एन बंसल, दीपक वैष्णव, मनजीत सिंह, रामस्वरूप कालानी, प्रमिला गदिया, कंचन जीनगर, निर्मला सुराना, सीमा मीणा, सोना, पूनम चौधरी, भेरू लाल रावल उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मचारियों के सामूहिक अवकाश का दिखा व्यापक असर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** वाल्मीकि समाज सफाई कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने के चलते समस्त सफाई कर्मचारी एवं संयुक्त वाल्मीकि समाज सफाई संघर्ष समिति द्वारा सामूहिक अवकाश पर रहने पर मंगलवार को सफाई व्यवस्था का शहर में व्यापक असर दिखा। संयुक्त वाल्मीकि समाज सफाई संघर्ष समिति के संभागीय अध्यक्ष दिलीप बेनीवाल व जिलाध्यक्ष जीवन कोदली ने बताया कि संगठन द्वारा प्रशासन के समक्ष अपनी मांगे रखी जिसका कोई सकारात्मक परिणाम नहीं मिला, जिसके चलते सामूहिक अवकाश पर रहने का असर शहर की सफाई व्यवस्था पर रहा। मांगों को लेकर संगठन द्वारा रैली व प्रदर्शन कर शीघ्र ही समस्याओं के निस्तारण की मांग की अन्यथा आन्दोलन को उग्र रूप देने की बात कही। इस दौरान अरूण कंडारा, प्रहलाद बुरठ, संतोष टांक, मुकेश घावरी, मुकेश गौरण, सागर लोठ, महेश टांक, बाबुलाल कल्याणा, प्रभुलाल कंडारा, ओमप्रकाश टांक, शंकर लोठ, राजेश घावरी, राहुल सिंगोलिया, जयराज कंडारा, सुनिल बोर्डे, राजीव कंडारा, महेश टांक, हैप्पी कंडारा, गोपाल गेंगट, राजेश नकवाल, भेरूलाल कोदली, शंकर पंवार, प्रकाश सिंगोलिया, भेरू अटवाल, अजय कोदली, अमरदीप टांक, नितेश डागर, सुनीता देवी, माया देवी, नूतन देवी, सुनीता देवी, सीमा देवी, संतोष बाई, लाड, लाली, मुन्ना, शशी देवी आदि ने समर्थन जताकर प्रदर्शन किया।



## पैदल मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट चौराहे का करेंगे घेराव

**राजस्थान** में चल रही सफाई कर्मियों की टूल डाउन हड़ताल को लेकर शहर में दूसरे दिन मंगलवार को नेहरू पार्क में समस्त वाल्मीकि सफाई कर्मचारी एवं समाज के प्रभुत्वजन एकत्रित होकर राज्यव्यापी हड़ताल का समर्थन किया। सर्व समिति से आज गोल प्याऊ, पद्मिनी पार्क से कलेक्ट्रेट चौराहा तक पैदल मार्च निकालकर कलेक्टर चौराहे का घेराव कर कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा।महेंद्र राठौड़ ने बताया कि बैठक विजय चौहान की अध्यक्षता संपन्न हुई। इस दौरान जिले की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला उपाध्यक्ष पद पर युवराज कण्डारा, सलाहकार सत्यनारायण चंनाल, महामंत्री राजेश गावरी, महासचिव राधाकृष्ण टांक, सचिव रामलाल लोट, संगठन मंत्री रतनलाल लोट, नगर अध्यक्ष पद पर अजय लोट को मनोनीत किया, जिनका ऊपना पहना कर स्वागत किया। श्याम लाल कंडारा व राजन मल्होत्रा ने संगठन के प्रति निस्वार्थ सेवा कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रोत्साहन किया। इस दौरान बालमुकुंद गारू, राज गारु, शंकर लोट, सूरज गावरी, राजेंद्र देशबंधु, रतन बेनीवाल, आशीष लोट, सनी लोट, संजय नकवाल, लखन चंनाल, सुनील कोठियाना, राहुल सिंगोलिया, मुकेश राठौर, जयराज कंडारा, कमल किशोर गारु, हर्षवर्धन कंडारा, रमन गारु, अजय कुमार गारु, पंकज लोट, भैरूलाल राठौड, रवि प्रकाश, शिवम लोट, ज्योति अटवाल, समर गोरण, नरेंद्र मल्होत्रा एवं समाजजन उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय अखंड राम धुन का शुभारम्भ



» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। पंचायत समिति भदेसर के ग्राम कन्नौज में रेगर समाज द्वारा बाबा रामदेव के मंदिर पर आयोजित पांच दिवसीय अखंड राम धुन का शुभारम्भ प्रधान सुशीला कंवर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। तेजपाल रेगर ने बताया कि रेगर समाज द्वारा पिछले 21 वर्षों से लगातार सावन मास में पांच दिवसीय अखंड राम धुन का आयोजन क्षेत्र में अच्छी बरसात व खुशहाली की कामना को लेकर किया जा रहा है। इसी कामना को लेकर मंगलवार को पांच दिवसीय अखंड राम धुन आयोजन की शुरूआत बाबा रामदेव मंदिर पर की गई। इस अवसर पर उमेश पालीवाल, चतुर्भुज रेगर, शंकर मूंदड़ा, देवीलाल माली, नंदलाल धोबी सहित बड़ी संख्या में समाजजन व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ग्राम सेवा सहकारी समिति के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** नवगठित सेमलपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति के सदस्यों द्वारा मंगलवार को विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या एवं भंवर सिंह खरडीबावडी के निर्देशन में राजीव गांधी सेवा केन्द्र सेमलपुरा में निर्विरोध चुनाव सम्पन्न कराया गया। समिति सदस्य भगवान लाल धाकड़, घीसु लाल धाकड़, हरि सिंह, नारायण वैष्णव, कालु लाल साहु, मुकेश रेगर, लेहरू गुर्जर, गीता बाई, नारू डांगी व प्यार चन्द भील द्वारा सर्वसम्मति से देवी लाल धाकड़ को अध्यक्ष एवं बद्री लाल गुर्जर को उपाध्यक्ष के रूप में चुना। नवगठित समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों को गांव के गणमान्य लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर रामेश्वर धाकड़, खुमान सिंह, प्रेमचन्द शर्मा, अशोक सिंह, दिनेश धाकड़, निर्भयराम धाकड़, प्रहलाद राय तेली, श्याम लाल धाकड़, हस्तीमल धाकड़, भगवान लाल धाकड़, रघुनाथ सिंह, लादू लाल सालवी, किशन धाकड़ के साथ ही समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# शीर्ष जिम्मेदार नेता कार्यक्षेत्र में भाषा आचरण में फिट रहे-मुनि प्रसन्न कुमार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** पन्नाधाय कॉलोनी स्थित तेरापंथ सभा भवन में शतावधानी मुनि संजय कुमार के सानिध्य में सद्भाव संगोष्ठी का आयोजन रखा गया जिसमें सुरेन्द्रसिंह जाड़ावत, सभापति संदीप शर्मा, अनिल सोनी, प्रेमप्रकाश मूंदड़ा, मुनि प्रसन्न कुमार, प्रकाश कुमार, धैय कुमार तथा तेरापंथ समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र जहां 125 करोड़ जनता निवास करती है, उस देश की खुशहाली सद्भावना अमन चैन की कामना के प्रयास होते रहना चाहिए। अणुव्रत आन्दोलन के माध्यम से उनके प्रवर्तक आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ एवं वर्तमान आचार्य महाश्रमण अपने श्वेत शिष्य सम्पदा के सैंकड़ों त्यागी तपस्वी के साथ पूरे देश में भ्रमण कर जनकल्याण का भागीरथी प्रयास कर रहे हैं। अतीत में भी देश की समस्या के समाधान राजीव-लोंगोवाल समझौते से पंजाब में एवं गुजरात में मुस्लिम दंगे के समय समाधान किया। मुनि बंधुत्रय ने अपने विचार रखे कि धर्म समाज के जिम्मेदार एवं राजनीति में शीर्ष जिम्मेदार धर्म गुरू तथा राजनेता को कार्यक्षेत्र में फिटनेस रहना चाहिए। भाषा एवं आचरण में गिरावट न आए। वर्तमान में जनता भी समझती है। आपके आचरण एवं भाषा का प्रभाव आपकी पार्टी एवं जनता पर प्रभाव छोड़ता है। संगोष्ठी में ललित सुराना, कमल जैन, अनिल सुराना, उमा सुराना आदि मौजूद थे।

# स्वामी लक्ष्मीरामजी के 85वें निर्वाण पर विद्वत् समागम



» जागरूक जनता @ जयपुर। आयुर्वेद मर्तण्डस्वामीलक्ष्मीराम जी का 85वां निर्वाण दिवस समारोह मोतीडूंगरी रोड स्थित स्वामी लक्ष्मीराम बाग में विद्वत् समागम के रूप में आयोजित किया गया। जिसमें आयुर्वेद, आध्यात्म एवं संस्कृत के विद्वानों द्वाराविद्वत् चर्चा का आयोजन हुआ। पीठाधीश आचार्यजनक राज की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में गंगोत्री धाम के सत्यजीत मुनी, दादूपीठनारायणधाम के आचार्य स्वामी ओमप्रकाशदास जी, सेंट्रल काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन के पूर्वराष्ट्रीय अध्यक्ष वैद्य रघुनन्दन शर्मा, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पूर्व प्रोफेसर वेदप्रकाश शर्मा, प्रसिद्ध चिकित्सक वैद्य केदार शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। समारोह को राजकुमार शर्मा, डॉ. दयाराम स्वामी, वैद्य गोपीनाथपारीक, डॉ. अनन्त शर्मा और मोहनलाल जायसवाल सहित विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वैद्य, संन्यासी, आध्यात्म सेजुड़ेलोग व विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए एवं श्रद्धेय लक्ष्मीराम जी के जीवन चरित्रपरप्रकाशडाला और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# खरपतवार एवं कीट प्रबन्धन पर असंस्थागत प्रशिक्षण का आयोजन

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा असंस्थागत कृषक प्रशिक्षण गांव चतरा का खेड़ा में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण सोयाबीन में एकीकृत खरपतवार एवं कीट प्रबन्धन तकनीकी पर आधारित था, जिसमें 30 कृषक एवं कृषक महिलाओ ने भाग लिया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. रतनलाल सोलंकी, ने बताया कि सोयाबीन कतारों में बोया जाता है, इसलिए खरपतवारों को नियंत्रित करने के लिए बैल से चलने वाले हैरो का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने सोयाबीन की फसल मे खरपतवार नियंत्रण हेत दवाओ के प्रयोग का तरीका समझाया। कार्यक्रम सहायक संजय कुमार धाकड़ ने कहा कि सोयाबीन फसल में कई कीटों का प्रकोप विभिन्न क्षेत्रों में पाया जाता है। इन कीटों में तना छेदक मक्खी, तम्बाखू की इल्ली एवं सफेद मक्खी, जेसिड्स माइटस् और थ्रिप्स प्रमुख हैं। इनकी रोकथाम हेतु रासायनिक कीटनाशक का छिडकाव करे। दीपा इन्दौरिया ने मोटे अनाज एवं सोयाबीन का दैनिक जीवन में उपयोग, प्रसंस्करण के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए पोषण वाटिका लगाने पर जोर दिया।

# मीणा होंगे युकां के नए जिला प्रभारी

» जागरूक जनता @चित्तौड़गढ़। युवा कांग्रेस राजस्थान की ओर से जारी की गई नई सूची में प्रदीप कुमार मीणा को चित्तौड़गढ़ युवा कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया है। मीणा पूर्व में बांसवाड़ा युकां सह प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे थे। बांसवाड़ा में मीणा ने युवा कांग्रेस को काफी मजबूती प्रदान की है, जिससे शीर्ष नेतृत्व ने विरिष्ट सचिव पद पर प्रमोट करते हुए जिले की युकां की बागडोर सौंपी है। दीपक सिंह राठौड़ ने बताया कि मीणा के प्रभारी लगने से चित्तौड़गढ़ युवा कांग्रेस को नई ऊर्जा मिलेगी।

ANCHOR

भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक सम्पन्न

# भ्रष्टाचार मुक्त शासन देते हुए आमजन को किया सुरक्षा के प्रति आश्वस्त

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर @ मेहराम गहलोत।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पीपाड़ शहर में प्रदेश व जिला के निर्देशानुसार मंडल अध्यक्ष राम किशोर भूतड़ा की अध्यक्षता में स्थानीय हिंदू महासभा भवन में मंडल कार्य समिति की बैठक आयोजित कि गई राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित संगठनात्मक व राजनीतिक प्रस्ताव में प्रदेश से लेकर स्थानीय मंडल तक विस्तृत राजनीतिक प्रस्ताव पर चर्चा की गई जिसमें लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के प्रति अपना विश्वास व्यक्त कर मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में हुए गरीब कल्याण,देश उत्थान का प्रयास के कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के प्रति अपना लगातार तीसरी बार विश्वास व्यक्त किया। भ्रष्टाचार मुक्त शासन देते हुए आमजन को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करने का काम किया वहीं दूसरे कालखंड में देश की सांस्कृतिक विरासत एवं हमारे मन मूल्यों को प्रतिष्ठित करने वाले यथा जम्मू कश्मीर से धारा 370 व 35 ए की समाप्ति अयोध्या में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद सैकड़ो वर्षो से आमजन की भावना को मूर्त रूप देते हुए भव्य राम मंदिर का निर्माण,काशी विश्वनाथ का जिर्णोद्धार, उज्जैन के महाकाल मंदिर के विकास को प्रतिष्ठित करने का काम भी किया गया। राजस्थान विधानसभा के चुनाव में राजस्थान की जनता ने गत दिसंबर माह में 5 वर्षों के कांग्रेस के शासन की अराजकता, जर्जर कानून व्यवस्था,महिलाओं की असुरक्षा,सर्वाधिक बेरोजगारी दर, युवाओं के सपनों को चकनाचूर करते हुए सरकारी संरक्षण में लगभग सभी परीक्षाओं के पेपर लीक होने,बिजली व पेयजल के कुप्रबंधन,किस्सा कुर्सी के नाटक अंतर्गत मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के बीच का संघर्ष के कारण पांच सितारा होटल में कैद रह चुकी सरकार संस्थागत भ्रष्टाचार, किसान कर्ज माफी के वायदे से त्रस्त दर्जनों किसानों की आत्महत्या और बिना बजट के प्रावधानों के लगातार वोट की फसल काटने के लिए की गई थोती घोषणाओं के खिलाफ तथा लगातार भाजपा कार्यकर्ताओं के संघर्ष तथा जन आक्रोश यात्रा ,नहीं सहेगा राजस्थान तथा परिवर्तन संकल्प यात्रा, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश में भाजपा सरकार ने अपने बजट में 15 लाख महिलाओं को लखपति दीदी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 2.5 फिसदी सालाना ब्याज दर पर कर्ज की घोषणा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के मिशन को आगे बढ़ने का काम किया। इस दौरान जिला मंत्री वीरेंद्र गोदारा, नगर निकाय जिला संयोजक दुलीचंद सोनी,मंडल महामंत्री आदित्य कच्छावाह, मनोहर लाल सोनेल, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष चिमनाराम टाक, प्रभाकर टाक, एडवोकेट जगदीश दवे, जयनारायण जांगिड़,बिहारी लाल जीनगर, कल्याण राम कच्छावाह, मगराज पुरोहित,पारसमल छिपा, राजेंद्र सोनी, गजेंद्र सिंह राजपुरोहित, सुरेश टाक, जेठाराम सांखला,विक्रम देवड़ा,गोपाल सोनी, सत्यनारायण आचार्य,सुखराम देवड़ा,रामकिशोर सैनी, देवाराम जांगिड़,अरविंद सोनेल, असलम छिपा, कैलाश सेन,धर्मेंद्र सोनी,सत्यनारायण भाटी, पीयूष शर्मा, रामकिशोर कच्छावाह,कल्याण राम टाक, खिवराज जीनगर,सुरेंद्र टाक, शांतिलाल कांकरिया, दिलखुश जिनगर,पप्पू राम गहलोत, राजूराम छिपा,सोहनलाल लखारा,अब्दुल सत्तार तेली, धर्मेंद्र गहलोत,सीताराम सोलंकी,उदाराम टाक, सुरेश चौहान, लूणाराम मारोठिया,भवानी सिंह कच्छावाह, बाबूलाल सोलंकी,भारत चौधरी,उम्मेद भाटी, विकास सोलंकी, रुपाराम चोपड़ा,महिपाल चौरडिया, शंकर लाल मारोठिया,भंवरलाल विश्नोई,किशोरराम कच्छावा,श्याम दास वैष्णव,प्रकाश मेघवाल, ओमप्रकाश चौकीदार,महेश पारीक, हमेंद्र जीनगर,सुरेश ढोली,हरि सोनी, पंकज जिनगर,जवरीलाल जैन, सुमेर टाक,अंम्बालाल दायमा,शंकर लाल जीनगर,भोमाराम सांखला,रमेश सोनी,नंदू सरगरा,भारमल चौधरी,माणक सोलंकी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।